दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड

# DSSSB

# सामान्य जानकारी

# GENERAL AWARENESS

## अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स


प्रधान सम्पादक

**आनन्द कुमार महाजन**

**प्रस्तुति**

**DSSSB परीक्षा विशेषज्ञ समिति**

संपादकीय कार्यालय

**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**

**मो. : 9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com**



**प्रकाशन घोषणा**

सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने ओम साईं ऑफसेट, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।



इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

**मूल्य : 395/-**

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## सामान्य जानकारी



- **इतिहास......5-32**
  - प्राचीन इतिहास
  - मध्य कालीन इतिहास
  - आधुनिक इतिहास
- **भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था......33-64**
  - संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि/संविधान सभा/संविधान के स्त्रोत
  - मूल अधिकार/मूल कर्त्तव्य
  - अनुच्छेद/भाग/अनुसूचियाँ
  - संसद
  - राज्य विधानमण्डल
  - आयोग/संस्था
  - पंचायती राज संस्था
  - संवैधानिक संशोधन
  - विविध
- **विश्व एवं भारत का भूगोल......65-78**
  - ब्रह्मांड एवं सौर मंडल
  - अक्षांश व देशान्तर
  - स्थलमण्डल, जलमण्डल एवं वायुमंडल
  - महाद्वीप, देश, राजधानी एवं मुद्रायें
  - कृषि, जलवायु एवं खनिज संसाधन
  - विविध
- **भारत का भूगोल......78-95**
  - भारत का भौगोलिक परिचय
  - भू आकृति प्रदेश-पर्वत एवं पठार
  - अपवाह तन्त्र एवं प्रतिरूप
  - कृषि, जलवायु एवं मृदा
  - बहुउद्देशीय परियोजनाएँ
  - खनिज संसाधन एवं ऊर्जा
  - विविध
- **अर्थशास्त्र......96-113**
  - राजकोषीय नीति एवं कर संरचना
  - मुद्रा बाजार/पूंजी बाजार एवं बैंकिंग प्रणाली
  - संस्था
  - योजना
- **भौतिक विज्ञान......114-123**
- **रसायन विज्ञान......124-130**
- **जीव विज्ञान......131-142**
- **कम्प्यूटर......143-158**
- **पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी......159-162**
- **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी......163-165**
- **परंपरागत सामान्य ज्ञान......166-215**
- **खेल......216-227**
- **समसामयिक घटनाएँ......228-304**


# DSSSB पूर्व प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट

| S.N. | Exam NAME | EXAM DATE/TIME | G.A. |
|---|---|---|---|
| | **DSSSB** | | |
| 1. | DSSSB, PRT | 2021-2022 | 26×20 =520 |
| 2. | DSSSB, PRT | 15.11.2019, 12:30-2:30 pm | 20 |
| 3. | DSSSB, PRT | 15.11.2019, 8:30-10:30 am | 20 |
| 4. | DSSSB, PRT | 14.11.2019, 12:30-2:30 pm | 20 |
| 5 | DSSSB, PRT | 14.11.2019, 8:30-10:30 am | 20 |
| 6. | DSSSB, PRT | 13.11.2019, 4:30-6:30 pm | 20 |
| 7. | DSSSB, PRT | 13.11.2019, 12:30-2:30 pm | 20 |
| 8. | DSSSB, PRT | 13.11.2019, 8:30-10:30 am | 20 |
| 9. | DSSSB, PRT | 11.11.2019, 4:30-6:30 pm | 20 |
| 10. | DSSSB, PRT | 11.11.2019, 12:30-2:30 pm | 20 |
| 11. | DSSSB, PRT | 11.11.2019, 8:30-10:30 am | 20 |
| 12. | DSSSB, PRT | 11.11.2018, 8:30-10:30 am | 20 |
| 13. | DSSSB, PRT | 10.11.2018, 8:30-10:30 am | 20 |
| 14. | DSSSB, PRT | 06.10.2018, 12:30-2:30 pm | 20 |
| 15. | DSSSB, PRT | 06.10.2018, 4:30-6:30 pm | 20 |
| 16. | DSSSB, PRT | 13.10.2018 | 20 |
| 17. | DSSSB, PRT | 2018 | 20 |
| 18. | DSSSB, PRT | 2017 | 20 |
| 19. | DSSSB, TGT/PGT | 2021 | 6×20=120 |
| 20. | DSSSB, TGT | 2016 | 20 |
| 21. | DSSSB, PRT, Post Code-16/17 | 29.10.2017 | 20 |
| 22. | DSSSB, PRT, Post Code-70/09 | 02.02.2014 | 20 |
| 23. | DSSSB, PRT, Post Code-150/14 | 19.10.2014 | 20 |
| 24. | DSSSB, PRT, Post Code-71/09 & 101/12 | 25.08.2013 | 20 |
| 25. | DSSSB, PRT (Special Education),Post Code-01/13 | 28.07.2013 | 20 |
| 26. | DSSSB, PRT (Cancelled), Post Code-70/90 | 29.12.2013 | 20 |
| | **KVS** | | |
| 27. | KVS, TGT | 2018 | 10 |
| 28. | KVS, TGT | 08.10.2017 | 10 |
| 29. | KVS, PRT | 20.12.2018 | 10 |
| 30. | KVS, PRT | 2017 | 10 |
| 31. | KVS, PRT | 2016-17 | 10 |
| 32. | KVS, PRT (Music) | 2016 | 10 |
| 33. | KVS, PRT | 16.12.2017 | 10 |
| 34. | KVS, PRT | 04.10.2015 | 10 |
| 35. | KVS, PRT | 15.12.2013 | 10 |
| 36. | KVS, PRT | 2010 | 10 |
| 37. | KVS, Assistant Teacher (Nursery) | 31.08.2014 | 10 |
| 38. | KVS, Vice- Principal | 2018 | 10 |
| 39. | KVS, Principal | 2016 | 10 |
| | **NVS** | | |
| 40. | NVS, TGT | 28/29/30. 11. 2022 | 6×10 = 60 |
| 41. | NVS, TGT | 18.09.2019 (I & II) | 2×10 = 20 |
| 42. | NVS, TGT | 2017 | 10 |
| 43. | NVS, TGT | 15/16/. 12. 2022 | 4×10 = 40 |
| 44. | NVS, PGT | 19.09.2019 (I & II) | 2×10 = 20 |
| 45. | NVS, PGT | 2018 | 10 |
| 46. | NVS, PGT | 2016 | 10 |
| | **NCERT** | | |
| 47. | NCERT, PRT | 30.07.2017 | 20 |
| | | **Total** | **1440** |

**नोट-** उपरोक्त प्रश्न-पत्रों के सम्यक विश्लेषण के उपरान्त **DSSSB (PRT/TGT/PGT), KVS (TGT/PRT/PGT/Nursery) , NVS (TGT/PGT), NCERT (PRT)** से सम्बन्धित कुल प्रश्न (सामान्य जानकारी) = **1440** (दुहराव + समान प्रवृत्ति वाले प्रश्न) प्रश्नों को मूल प्रश्नों के परीक्षा नाम के साथ नीचे जोड़ दिया गया है ताकि परीक्षार्थी प्रश्न पूछने की तकनीकि का लाभ मिल सके।

# पूर्व परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नों का विश्लेषणात्मक पाई चार्ट एवं बार ग्राफ



# भाग-1

# सामान्य अध्ययन
# (General Knowledge)

# इतिहास (History)

## (i) प्राचीन इतिहास (Ancient History)

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का एक पुरापाषाण स्थल नहीं है?**

(a) भीमबेटका गुफा (b) हुंसगी गुफा
(c) कुर्नूल गुफा (d) बराबर गुफा

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (13-10-2018)**

**Ans. (d) :** बराबर गुफा बिहार के गया जिले में स्थित है। इस गुफा का निर्माण चट्टानों को काटकर किया गया है। इनका संबंध मौर्यकाल से है। जबकि भीमबेटका, हुंसगी तथा कुर्नूल गुफा का संबंध पुरापाषाण काल से है।

**2. निम्नलिखित में से कौन सा शहर सिंधु घाटी सभ्यता का हिस्सा था?**

(a) द्वारका (b) हड़प्पा
(c) मुज़िरिस (d) साँची

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** हड़प्पा नामक पुरास्थल सिंधु घाटी सभ्यता का हिस्सा था। सिन्धु घाटी सभ्यता का प्रथम पुरातात्विक प्रमाणका हड़प्पा से मिलने के कारण इस सभ्यता को हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है। सिन्धु घाटी सभ्यता कांस्य युगीन सभ्यता है। लोथल, सिन्धु घाटी सभ्यता में एक प्राचीन बंदरगाह था।

**3. सिंधु घाटी सभ्यता एक .......... युग की सभ्यता थी।**

(a) तांबा (b) लोहा
(c) कांस्य (d) पत्थर

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** नव पाषाण काल के अंत में धातु का इस्तेमाल शुरू हुआ तांबा प्रथम धातु थी जिसका इस्तेमाल मानव ने किया। पत्थर और तांबा दोनों के इस्तेमाल पर आधारित संस्कृति को ताम्र-पाषाणिक संस्कृति कहते हैं कांसा जो तांबा और रांगा की मिश्र धातु है, कि खोज भी इसी काल में हुई अतः इसे कांस्य युग कहते है।
सिंधु घाटी या हड़प्पा घाटी सभ्यता को एक कांस्य युगीन सभ्यता थी क्योंकि हड़प्पा के निवासी कांसे की ढलाई बड़े पैमाने पर करते थे और इस काम में प्रवीण थे।

**4. मोहनजोदड़ों पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पुरातत्व स्थल है। मोहनजोदड़ो का क्या अर्थ है ?**

(a) आतंकमय पुरुषों का स्तूप
(b) महान पुरुषों का स्तूप
(c) सन्तुष्ट पुरुषों का स्तूप
(d) मृत पुरुषों का स्तूप

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** मोहनजोदड़ो पाकिस्तान के सिंध प्रांत में स्थित एक पुरातत्व स्थल है। मोहनजोदड़ो का सिन्धी में शाब्दिक अर्थ 'मृतकों का टीला' है। मोहनजोदड़ो सिंधु नदी के तट पर स्थित है तथा इसकी खोज 1922 ई. में राखलदास बनर्जी द्वारा की गयी थी। मोहनजोदड़ो से वृहत स्नानागार के साक्ष्य मिले है तथा यहाँ से 'नर्तकी की एक कांस्य मूर्ति' मिली है।

**5. बनावली हरियाणा के किस जिले में सिंधु घाटी सभ्यता काल से संबंधित पुरातत्व स्थल हैं?**

(a) सिरसा (b) कुरूक्षेत्र
(c) फतेहाबाद (d) जींद

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** बनावली हरियाणा के फतेहाबाद जिले में सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित एक पुरास्थल है। इस स्थल की खोज 'आर.एस.विष्ट' ने की थी। यहाँ से प्री हड़प्पा, हड़प्पा एवं हड़प्पोत्तर काल के प्रमाण प्राप्त हुए है। यहाँ से 'मिट्टी से बने हल' एवं बढ़िया किस्म के 'जौ' प्राप्त हुए है। बनावली से जल निकासी प्रणाली का अभाव मिलता है।

**6. निम्नलिखित में से किस पुरातात्विक स्थल में 'बंदरगाह' पाया गया था?**

(a) मोहनजोदड़ो (b) कालीबंगा
(c) लोथल (d) हड़प्पा

**DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** लोथल गुजरात राज्य के अहमदाबाद जिले में सरागवाला गाँव में स्थित बंदरगाह शहर है। यह 1954 में खोजा गया था और इसकी खुदाई भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा 1955 से 1960 तक की गई थी। एएसआई के अनुसार, लोथल में दुनिया के सबसे पुराने ज्ञात बंदरगाह थे।

**7. निम्नलिखित में से कहाँ पहली बार सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की गई थी?**

(a) अमरी
(b) कोटदीजी
(c) हड़प्पा
(d) मोहनजोदड़ो

**KVS TGT 2018**

**Ans. (c) :** सिंधु घाटी सभ्यता का विस्तार पूर्व में हरियाणा, राजस्थान तथा गुजरात से आरंभ होकर पश्चिम के मकरान तट तक है। वर्ष 1921 में दयाराम साहनी एवं 1922 में राखालदास बनर्जी द्वारा क्रमशः हड़प्पा (पंजाब) एवं मोहनजोदड़ो सिंध, पाकिस्तान की खोज की गई। इस सभ्यता के प्रमुख स्थल रंगपुर (गुजरात), चन्हूदड़ो, सुरकोटदा, मांडा, रोपड़, कालीबंगा, बनावली आदि है।

**8. सिन्धु घाटी सभ्यता का बंदरगाह शहर कौन-सा है**

(a) हड़प्पा
(b) आलमगीरपुर
(c) बनवाली
(d) लोथाल

**NVS TGT Physics 01/06/2014**

**Ans. (d) :** सिन्धु घाटी सभ्यता का बंदरगाह शहर लोथल है। लोथल साबरमती नदी और उसकी सहायक भोगवा नदी के बीच स्थित है। इस बदंरगाह शहर की खोज पुरातत्वविद एस.आर. राव की अगुवाई वाली टीम ने की थी।

**9. निम्नलिखित में से पहला स्थान कौन-सा था जहाँ सिन्धु घाटी सभ्यता की खोज हुई थी?**

(a) अमरी (b) कोटदीजी
(c) हड़प्पा (d) मोहनजोदड़ो

**KVS-TGT (2018)**

**Ans : (c)** सिन्धु घाटी सभ्यता (2500-1750ई.पू.) विश्व की प्राचीन नदी घाटी सभ्यताओं में से एक प्रमुख सभ्यता थी। यह हड़प्पा सभ्यता और सैंधव सभ्यता के नाम से प्रचलित थी। इसका विकास सिंधु नदी के किनारे हुआ। मोहनजोदड़ो, कालीबंगा, लोथल, धौलावीरा, राखीगढ़ी और हड़प्पा इसके प्रमुख केन्द्र हैं। इनमें से हड़प्पा, सिन्धु घाटी सभ्यता का प्रथम स्थान था जहाँ से सैन्धव सभ्यता के संबंध में प्रथम जानकारी प्राप्त हुई। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त के मांटगोमरी जिले में रावी नदी के बाएं तट पर स्थित है। इसकी खोज सन् 1921 ई. में रायबहादुर दयाराम साहनी ने की थी। अब तक भारतीय उपमहाद्वीप में लगभग 1000 हड़प्पा कालीन बस्तियों की खोज हुई है।

**10. निम्नलिखित सिंधु सभ्यता स्थलों में से महान स्नानागार ............ में पाया गया है।**

(a) हड़प्पा
(b) मोहनजोदड़ो
(c) कालीबंगा
(d) धौलावीरा

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (13-10-2018)**

**Ans. (b)** सिंधु घाटी सभ्यता विश्व की प्राचीन नदी घाटी सभ्यताओं में से एक थी। इसे 'हड़प्पा सभ्यता' के नाम से भी जाना जाता है। मोहनजोदड़ो, कालीबंगन, लोथल, धौलावीरा, राखीगढ़ी और हड़प्पा इसके प्रमुख स्थल है। मोहनजोदड़ो से प्राप्त विशाल स्नानागार का जलाशय दुर्ग के टीले में स्थित है सबसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों में से एक है। यह 11.88 मी. लम्बा, 7.01 मी. चौड़ा और 2.43 मी. गहरा है।

**11. निम्नलिखित में से हड़प्पा काल के किस स्थल में समुद्री व्यापार के साक्ष्य मिलते हैं?**

(a) मोहनजोदड़ो (b) लोथल
(c) अटामीरा (d) धौलावीरा

**NVS (2016)**

**Ans. (b)** लोथल, प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता के शहरों में से एक है। यह भारत के गुजरात राज्य में स्थित एक बंदरगाह शहर था। हड़प्पा काल में समुद्री व्यापार के साक्ष्य 'लोथल' में मिलते हैं। यहाँ से मोती, जवाहरात और कीमती गहने पश्चिमी एशिया और अफ्रीका के देशों को भेजे जाते थे। लोथल की खोज 1954 ई. में रंगनाथ राव ने की थी। यह स्थल भोगवा नदी के किनारे स्थित था।

**12. सिन्धु-सभ्यता का प्राचीन बंदरगाह कौन-सा था?**

(a) हड़प्पा (b) लोथल
(c) धौलावीरा (d) सुरकोटदा

**DSSSB- LDC (30-08-2015)**

**Ans. (b)** लोथल, सिन्धु सभ्यता का प्राचीन व मुख्य बंदरगाह शहर था। यह नगर गुजरात के अहमदाबाद जिले में भोगवा नदी के तट पर स्थित था। इस स्थल की खोज डॉ. एस. आर. राव ने सन् 1954 में की थी। यह पश्चिमी एशिया से व्यापार करने का प्रमुख बंदरगाह था।

**13. हड़प्पा स्थल .......... नदी के तट पर स्थित है।**

(a) सरस्वती (b) सिन्धु
(c) ब्यास (d) रावी

**DSSSB-मैट्रन व वार्डन परीक्षा (29-06-2014)**
**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (d)** हड़प्पा पाकिस्तान के माण्टगोमरी जिले में रावी नदी के बाएं तट पर स्थित है। इस स्थल की खोज 1921 ई. में दयाराम साहनी वत्स ने की थी। इस स्थल से 12 कक्षों वाला अन्नागार, अनाज कूटने के 18 वृत्ताकार चबूतरे तथा श्रमिक आवास के साक्ष्य मिले है।

**14. हड़प्पा वासी किस प्रकार की प्राचीन लिपि का उपयोग करते थे?**

(a) चित्रलिपि
(b) रेखीय
(c) सांकेतिक
(d) प्रतीकात्मक

**DSSSB- प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**

**Ans. (a)** हड़प्पावासी भावचित्रात्मक लिपि का प्रयोग करते थे। हड़प्पा सभ्यता की खोज दयाराम साहनी ने 1921 ई. में की थी।

**15. कौन-सा बृहत हड़प्पाई स्थल हरियाणा में स्थित है?**
(a) धौलावीरा
(b) राखीगढ़ी
(c) कालीबंगन
(d) आलमगीरपुर

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

**Ans. (b)** राखीगढ़ी हरियाणा के हिसार जिले में अवस्थित है। इसका उत्खनन 1997–1999 ई0 के मध्य अमरेन्द्र नाथ द्वारा किया गया। राखीगढ़ी में हड़प्पा युग के प्रमाण मिले है। यहाँ खुदाई के दौरान सात स्तूप, दुर्ग प्राचीर, अन्नागार, ऊँचे चबूतरे पर बनायी गई अग्नि वेदिका प्राप्त हुई।

**16. भारतीय का नाम जो मोहनजोदड़ो की खोज के साथ जुड़ा था?**
(a) आर.डी. बनर्जी (b) आर.डी. चटर्जी
(c) डब्ल्यू. सी. बनर्जी (d) एस.एन. बनर्जी

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (02-02-2014)**

**Ans : (a)** मोहनजोदड़ो की खोज सन् 1922 में आर.डी.बनर्जी ने की थी। यह स्थल पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लरकाना जिले में सिन्धु नदी के दायें तट पर स्थित है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़े नगरों में से एक था। यहाँ से कांसे की नर्तकी की मूर्ति, सूती कपड़ा, पशुपति शिव की आकृति वाली मुहर तथा बेलनाकार मुहरों के साक्ष्य मिले हैं।

**17. अश्वमेध यज्ञ प्राचीन भारतीय राजाओं द्वारा अपनी शाही सम्प्रभुता साबित करने के लिए एक ........ की बलि था।**
(a) घोड़े (b) बकरी
(c) हाथी (d) भैंस

**DSSSB PRT 27/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** 'अश्वमेध' यज्ञ भारतवर्ष के एक प्रख्यात प्राचीनकालीन यज्ञ का नाम है। इस यज्ञ का आयोजन प्राचीन भारतीय राजाओं द्वारा अपनी शाही संप्रभुता साबित करने के लिए एक अनुष्ठान के रूप में घोड़े की बलि देना था। इस यज्ञ का उल्लेख वैदिककालीन ग्रथों तथा ऋग्वेद एवं ब्राह्मण ग्रन्थों में भी मिलता है। पुष्यमित्र शुंग तथा समुद्रगुप्त ने भी इसका आयोजन करवाया था।

**18. किस वेद में श्वेताश्वतरोपनिषद सन्निहित है?**
(a) अथर्ववेद (b) ऋग्वेद
(c) सामवेद (d) यजुर्वेद

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** श्वेताश्वतरोपनिषद, यजुर्वेद में सन्निहित एक प्राचीन संस्कृत पाठ है। इसे 108 उपनिषदों के मुक्तिका सिद्धान्त में 14वें नंबर के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इस उपनिषद में छः अध्यायों में 113 मंत्र या छंद है।

**19. रामायण ........... द्वारा लिखित एक महाकाव्य है।**
(a) व्यास
(b) विश्वामित्र
(c) वाल्मीकि
(d) वशिष्ठ

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (c)** रामायण और महाभारत भारत के प्राचीन महाकाव्य है। इनकी रचना ई.पू. चौथी शताब्दी में हुयी। रामायण की रचना महर्षि वाल्मीकि ने की थी। इसमें 24000 श्लोक है इसलिए इसे 'चतुर्विंशति साहस्त्री संहिता' भी कहते है। महाभारत का संकलन महर्षि वेदव्यास द्वारा किया गया। इसमें एक लाख श्लोक होने के कारण इसे 'शतसाहस्त्री संहिता' भी कहा जाता है। यह विश्व का सबसे बड़ा महाकाव्य है।

**20. भागवद् गीता भारत के किस पौराणिक ग्रंथ से संबंधित है?**
(a) रामायण (b) महाभारत
(c) बद्रायण (d) इनमें से कोई नहीं

**DSSSB-पैरामेडिकल अधिकार भर्ती (25-05-2014)**

**Ans. (b)** भगवद्गीता का सम्बन्ध पौराणिक महाकाव्य महाभारत से है। भगवद्गीता मूलत: महाभारत के भीष्म पर्व का अंश है। जिसकी रचना महर्षि वेदव्यास ने की थी। गीता में कुल 18 अध्याय तथा 700 श्लोक है जिसमें मुख्य रूप से ज्ञान, भक्ति एवं कर्मयोग मार्गों की विस्तृत व्याख्या की गई है।

**21. भारत के सर्वाधिक प्रभावशाली दार्शनिकों में से एक शंकर का जन्म .......... में हुआ था।**
(a) केरल (b) राजस्थान
(c) तमिलनाडु (d) कर्नाटक

**DSSSB PRT 20/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a)** भारत के सर्वाधिक प्रभावशाली दार्शनिक आदि शंङ्कराचार्य का जन्म 8वीं शताब्दी में केरल में हुआ था। वे 'अद्वैत वेदांत' सिद्धांत के प्रतिपादक थे। उन्हें भगवान शिव का अवतार माना जाता है।

**22. भागवत गीता में कितने छंद हैं?**
(a) 700 (b) 670
(c) 650 (d) 600

**DSSSB- Steno. Exam. (27-07-2014)**

**Ans : (a)** कुरुक्षेत्र की युद्ध भूमि में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिया था, उसका संकलन श्रीमद्भगवद्गीता के नाम से प्रसिद्ध है। यह महाभारत के भीष्म पर्व का अंग है। गीता में 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं।

**23. अणुव्रत का सिद्धांत किससे संबंधित है?**
(a) महायान बौद्ध धर्म (b) हीनयान बौद्ध धर्म
(c) जैन धर्म (d) लोकायत सम्प्रदाय

**DSSSB- Steno. Exam. (27-07-2014)**

**Ans : (c)** अणुव्रत सिद्धान्त का प्रतिपादन जैन धर्म में किया गया है। जैन धर्म की पाँच प्रमुख शिक्षाएँ, सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य को अणुव्रत कहा जाता है। इनमें से चार सिद्धान्तों का प्रतिपादन पार्श्वनाथ द्वारा जबकि अंतिम अर्थात् ब्रह्मचर्य के सिद्धान्त का प्रतिपादन महावीर द्वारा किया गया था।

**24. बुद्ध का जन्म स्थान है–**
(a) कुशीनगर (b) सारनाथ
(c) बोधगया (d) लुंबिनी

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (29-12-2013)**

**Ans. (d)** गौतम बुद्ध का जन्म कपिलवस्तु के निकट लुम्बिनी में 563 ईसा पूर्व में शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर हुआ था। छ: वर्षों की कठोर साधना के पश्चात बोधगया (बिहार) में पीपल (वट) वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ और वे गौतम से बुद्ध बन गये। उन्होंने सारनाथ में प्रथम उपदेश दिया और कुशीनगर (कुशीनारा) में इन्हें महापरिनिर्वाण की प्राप्ति हुई।

**25. कौन से राज्य को 'बौद्ध धर्म का उद्गम स्थल' कहते है?**

(a) सिक्किम (b) बिहार

(c) यू. पी. (d) एम. पी.

**DSSSB-PGT (30-11-2014)**

**Ans. (b)** बिहार, बौद्ध धर्म के पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक धरोहर, आध्यात्म और संस्कृति का केन्द्र रहा है। बिहार में प्रथम बौद्ध संगीति (राजगृह), द्वितीय बौद्ध संगीति (वैशाली) तथा तृतीय बौद्ध संगीति (पाटलिपुत्र) का आयोजन हुआ था इसलिए बिहार को 'बौद्ध धर्म का उद्गम स्थल' कहते है।

**26. निम्नलिखित में से कौन गौतम बुद्ध के समकालीन थे?**

(a) नागार्जुन (b) कनिष्क

(c) कौटिल्य (d) महावीर

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (02-02-2014)**

**Ans : (d)** महावीर, गौतमबुद्ध के समकालीन थे। महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे जिन्होंने छठीं शताब्दी ई.पू. के जैन आंदोलन का प्रवर्तन किया। नागार्जुन, कनिष्क के दरबार की महान विभूति थे तथा उनकी तुलना 'मार्टिन लूथर' से की जाती है। इन्हें 'भारत का आइंस्टीन' भी कहा जाता है। कौटिल्य या विष्णुगुप्त चन्द्रगुप्त मौर्य के प्रधानमंत्री थे जिन्होंने अर्थशास्त्र की रचना की।

**27. कौन-से बौद्ध स्थल में पत्थर से तराशे शिल्प नहीं हैं?**

(a) अजंता

(b) कार्ले

(c) नासिक

(d) नागार्जुनकोण्डा

**DSSSB-लैब सहायक परीक्षा (26-04-2015)**

**Ans. (d)** पत्थरों को काटकर बनाई गई स्थापत्य कला वाले प्रमुख बौद्ध स्थल हैं– अजंता, कार्ले, नासिक, कन्हेरी इत्यादि जबकि नागार्जुनकोण्डा पत्थर से तराशे शिल्पों के तहत नहीं आता, यह एक स्तूप है जिसमें बौद्ध स्मारक के साथ प्राचीनतम ईट मंदिर भी है।

**28. भारतीय दर्शन के .......... स्कूल हैं जिन्हें 'षड्दर्शन' के नाम से जाना जाता है।**

(a) छह (b) आठ

(c) चार (d) पाँच

**NVS PGT 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** छः रूढ़िवादी स्कूलों को षड्दर्शन कहा जाता है। इनमें न्याय, सांख्य, योग, वैशेषिक, पूर्वमीमांसा और उत्तर मीमांसा (वेदांत दर्शन) शामिल है। इन विचारधाराओं में से अधिकांश कर्म और पुनर्जन्म के सिद्धांत में विश्वास करते हैं। मोक्ष को जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्त माना जाता है और यह मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है।

**29. बौद्ध परिषदों की कुल संख्या है :**

(a) सात (b) छह

(c) पाँच (d) तीन

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** बौद्ध संघ के अन्तर्गत कुल छः बौद्ध परिषदें आयोजित की गयी थी।

**प्रथम बौद्ध परिषद -** इसका आयोजन महात्मा बुद्ध के महापरिनिर्वाण के तुरंत बाद ही 483 ई.पू. में अजातशत्रु के संरक्षण में राजगृह में हुआ।

**द्वितीय बौद्ध परिषद -** इसका आयोजन राजा कालाशोक के संरक्षण में वैशाली में 383 ईसा पूर्व में हुआ था।

**तृतीय बौद्ध परिषद -** इसका आयोजन अशोक के संरक्षण में पाटलिपुत्र में 250 ई0पू0 में हुआ था।

**चतुर्थ बौद्ध परिषद -** यह कश्मीर के कुण्डलवन में 72 ई. में आयोजित हुई थी। इसका आयोजन कुषाण शासक कनिष्क के संरक्षण में हुआ था।

**पांचवाँ बौद्ध परिषद -** इसका आयोजन राजा मिन्डन के संरक्षण में वर्ष 1871 में बर्मा के मांडले में हुआ था।

**छठी बौद्ध परिषद -** छठी बौद्ध परिषद बर्मा के काबा एये (Kaba Aye) में वर्ष 1954 में आयोजित की गई थी। यह यू नू (UNU) के संरक्षण में सम्पन्न हुयी थी।

**30. शंकराचार्य ने निम्नलिखित में से किस सिद्धान्त का प्रचार किया?**

(a) द्वैत (b) अद्वैत

(c) विशिष्टाद्वैत (d) लिंगायतवाद

**DSSSB- फायर ऑपरेटर परीक्षा (31-08-2014)**

**Ans : (b)** आदि शंकराचार्य भारत के एक महान दार्शनिक एवं धर्मप्रवर्तक थे जिन्होंने संसार में चार पीठों की स्थापना की। इन्होंने ही अद्वैत सिद्धान्त का प्रचार प्रसार किया। इन्होंने ही आत्मा और परमात्मा की एकरूपता का सन्देश दिया, जिसके अनुसार परमात्मा एक ही समय में सगुण और निर्गुण दोनों ही स्वरूपों में रहता है। अद्वैतवाद भारत के सनातन दर्शन वेदांत के सबसे प्रभावशाली मतों में से एक है।

**31. विशिष्टाद्वैत नामक दर्शनशास्त्र की स्थापना ............. ने की थी।**

(a) माधवाचार्य

(b) रामानुजाचार्य

(c) शंकराचार्य

(d) विट्ठलाचार्य

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (b) :**

| मत | आचार्य | सम्प्रदाय |
|---|---|---|
| 1. विशिष्टाद्वैत | रामानुज | श्री (वैष्णव) |
| 2. द्वैतवाद | माधवाचार्य | ब्रह्म |
| 3. द्वैताद्वैत | निम्बार्क | सनक |
| 4. शुद्धाद्वैत | वल्लभाचार्य | रूद्र |

**32. कौन–सा वेद मुख्यतः लयबद्ध प्रारूप या छंद से मिलकर संगीतात्मक रचना के रूप में बनाया गया है?**

(a) यजुर्वेद (b) सामवेद

(c) अथर्ववेद (d) ऋग्वेद

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

**Ans. (b)** 'साम' का अर्थ है 'संगीत' या 'गान'। सामवेद को भारतीय संगीत का मूल कहा जाता है। इसमें यज्ञों के अवसर पर गाये जाने वाले मंत्रों का संग्रह है। सामवेद में कुल 1875 ऋचायें है। इसके पाठकर्ता को उद्‌गाता कहा जाता है।

**33. त्रिपिटक शास्त्रों के सिद्धान्त ( कैनन ऑफ़ स्क्रिप्चर ) .......... के लिए एक शब्द है–**

(a) हिंदू (b) हिन्दू और बौद्ध दोनों

(c) बौद्ध (d) जैन

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** त्रिपिटिक बौद्ध धर्म का प्रमुख ग्रंथ है जो त्रिपिटक शास्त्रों में वर्णित बौद्धों के लिए 'द कैनन ऑफ स्क्रीवेनरस' एक पारिभाषिक पद है। ये विनयपिटक, सुत्तपिटक और अभिधम्मपिटक में विभाजित है। विनयपिटक में बौद्ध भिक्षुओं के आचरण से संबंधित विचार हैं। सुत्तपिटक में महात्मा बुद्ध के उपदेशों का संग्रह है, जबकि अभिधम्मपिटक में बौद्ध शिक्षा का दर्शन है।

**34. बामियान बुद्ध की मूर्तियों को भारतीय कला की किस शैली के अनुसार तराशा गया है?**

(a) गांधार शैली (b) अमरावती शैली

(c) मथुरा शैली (d) सारनाथ शैली

**DSSSB PRT 27/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** बामियान बुद्ध की मूर्तियाँ बलुआ पत्थर की चट्टानों से काटकर बनायी गयी थी। यह मूर्तियाँ 5वीं शताब्दी ई. पू. की है और कभी दुनिया की सबसे ऊँची बुद्ध की खड़ी प्रतिमा थी। यह मूर्तियाँ अफगानिस्तान में स्थित थी जिन्हें वर्ष 200 में तालिबान द्वारा तोड़ने की घोषणा की गयी थी। इन मूर्तियों में भारतीय कला की गांधार शैली की कलाकृति दिखाई पड़ती है।

**35. सिंधु घाटी के बाद एक प्रमुख सभ्यता, महाजपद किस काल/युग में स्थापित हुआ था?**

(a) मध्यपाषाण युग (b) नवपाषाण युग

(c) ताम्रपाषण युग (d) लौह युग

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** सिंधु घाटी सभ्यता के बाद महाजनपद, लौह युग में स्थापित हुए थे। महाजनपद शब्द का तात्पर्य बड़े जनपदों से है जो वैदिक युग के दौरान भारतीय उपमहाद्वीप में मौजूद इकाइयाँ थी। छठी शताब्दी ईसा पूर्व में पूर्वी उत्तर प्रदेश व बिहार के कुछ प्रादेशिक जिलों ने लौह उत्पादन केंद्रो तक पहुँच प्राप्त की और उनका उपयोग लोहे के हथियार और उपकरण बनाने में किया।

**36. बुद्ध ने ........ में ज्ञान प्राप्त किया।**

(a) कुशीनारा (b) बोध गया

(c) सारनाथ (d) पावापुर

**DSSSB PRT 23/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** बुद्ध को छः वर्ष की कठिन तपस्या के परिणाम स्वरूप निरंजना (आधुनिक फल्गु नदी) के तट पर स्थित 'बोधगया' में ज्ञान की प्राप्ति हुई। 'बोधगया' बिहार में स्थित एक तीर्थ स्थल है। गौतम बुद्ध का जन्म 563 ई. पू. में और 'महापरिनिर्वाण' 483 ई.पू. में हुआ था। महात्मा बुद्ध ने 29 वर्ष की अवस्था में गृहत्याग किया, जिसे 'महाभिनिष्क्रमण' के नाम से जाना जाता है।

**37. भगवान गौतम बुद्ध के जीवनकाल में प्राचीन भारत में कितने महाजनपद या 'महान राज्य' मौजूद थे?**

(a) दस

(b) बारह

(c) सोलह

(d) चौदह

**NVS PGT 19/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** छठी शताब्दी ई.पू. में दूसरी नागरिक क्रांति हुई, जिसमें 16 महाजनपदों का उदय हुआ। बौद्ध साहित्य 'अंगुत्तर निकाय' और जैन साहित्य 'भगवती सूत्र' में सोलह महाजनपद के विषय में वर्णन मिलता है।

| | महाजनपद | | राजधानी |
|---|---|---|---|
| 1. | काशी | – | वाराणसी |
| 2. | अंग | – | चंपा |
| 3. | कोशल | – | श्रावस्ती |
| 4. | वत्स | – | कौशाम्बी |
| 5. | मगध | – | गिरिव्रज (राजगृह) |
| 6. | वज्जि | – | वैशाली |
| 7. | मल्ल | – | कुशीनगर |
| 8. | मत्स्य | – | विराटनगर |
| 9. | कुरू | – | इन्द्रप्रस्थ |
| 10. | चेदि | – | शक्तिमती |
| 11. | कम्बोज | – | हाटक |
| 12. | गांधार | – | तक्षशिला |
| 13. | पांचाल | – | अहिच्छत्र |
| 14. | अवंति | – | महिष्मती |
| 15. | शूरशेन | – | मथुरा |
| 16. | अश्मक | – | पोटन/पोटली |

**38. भारतीय पुरातत्वविदों ने हाल ही में ......... में एक बौद्ध स्थल से एक दुर्लभ आदमकद प्लास्टर की मूर्ति का पता लगाया है।**

(a) तेलंगाना (b) असम

(c) छत्तीसगढ़ (d) बिहार

**NVS PGT 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** वर्ष 2019 में तेलंगाना में पुरातत्वविदों ने सूर्यापेट के फणीगिरी में एक बौद्ध स्थल से एक आदमकद प्लास्टर की आकृति प्राप्त की है, जिसे इक्ष्वाकु वंश के शासन के दौरान फणीगिरी में लगभग 1700 साल पहले कारीगरों द्वारा बनाया गया था।

**39. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए।**

| सूची-I (बुद्ध के जीवन की घटनाएँ) | | सूची-II (प्रतीक) | |
|---|---|---|---|
| (a) | जन्म | (i) | बोधि वृक्ष |
| (b) | ज्ञान | (ii) | चक्र |
| (c) | प्रथम उपदेश | (iii) | सांड |
| (d) | मृत्यु | (iv) | स्तूप |

(a) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)
(b) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(c) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(d) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)

**KVS TGT 2018**

**Ans. (b) :** निम्न का सही सुमेलन इस प्रकार है-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| जन्म | बैल/सांड |
| प्रबोधन | बोधि वृक्ष |
| पहला उपदेश | चक्र |
| मृत्यु | स्तूप |

**40. बुद्ध और महावीर निम्नलिखित में किस महाजनपद से आते थे?**

(a) मगध (b) उज्जैन
(c) वज्जि (d) कोसल

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (13-10-2018)**

**Ans. (*)** महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर थे। इनका जन्म 540 ईसा पूर्व में कुण्डग्राम (वैशाली) में हुआ था, जो वज्जि महाजनपद के अंतर्गत आता था। बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व में कपिलवस्तु के लुम्बिनी नामक स्थान पर हुआ था। यह शाक्य गणराज्य के अंतर्गत आता था, जो 16 महाजनपदों के अन्तर्गत नहीं था। अत: प्रश्नगत विकल्पों में कोई भी विकल्प सत्य नहीं है।

**41. निम्नलिखित में से कौन सा महायान बौद्ध दर्शन तथा हीनयान बौद्ध दर्शन के बीच सर्वाधिक बुनियादी अंतर है?**

(a) जातिविहीन समाज
(b) स्तूप पूजन
(c) देव एवं देवियों की पूजा
(d) अहिंसा पर बल

**DSSSB- LDC (30-08-2015)**

**Ans. (c)** कनिष्क के समय चतुर्थ बौद्ध संगीति के बाद बौद्ध धर्म स्पष्टत: दो सम्प्रदायों में विभक्त हो गया।
(1) हीनयान (2) महायान।
हीनयान सम्प्रदाय के लोगों का मत था कि, प्रत्येक व्यक्ति को अपने प्रयत्नों से ही मोक्ष प्राप्ति का प्रयास करना चाहिए।
हीनयान सम्प्रदाय के लोग मूर्ति पूजा एवं देवी-देवताओं की पूजा पर विश्वास नहीं करते थे जबकि महायान सम्प्रदाय के लोग बुद्ध को देवता के रूप में स्वीकार करते हुए इनकी पूजा करने लगे। अत: अनेक बोधिसत्वों की पूजा भी प्रारम्भ हो गयी। इनके अनुसार बुद्ध मानव के दु:ख त्राता के रूप में अवतार लेते रहे हैं। इनका अगला जन्म मैत्रेय के नाम से होगा।

**42. मोहम्मद पैगम्बर का जन्म कहाँ हुआ था?**

(a) मक्का (b) मदीना
(c) बगदाद (d) दौलताबाद

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (a) :** इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मुहम्मद थे। इनका जन्म 570 ई. में मक्का में हुआ था। हजरत मुहम्मद को 610 ई. में मक्का के पास हीरा नामक गुफा में ज्ञान प्राप्त हुआ था। पैगम्बर हजरत मुहम्मद की मक्का से मदीना की यात्रा इस्लाम जगत में हिज़री संवत् कहलाती है। कुरान इस्लाम धर्म का पवित्र ग्रंथ है।

**43. बिंबिसार और अजातशत्रु संरक्षक थे:**

(a) शैव धर्म (b) वैष्णव धर्म
(c) जैन धर्म (d) इनमें से कोई नहीं

**DSSSB- फायर ऑपरेटर परीक्षा (31-08-2014)**

**Ans : (d)** बिंबिसार और अजातशत्रु बौद्ध धर्म के संरक्षक थे। विनयपिटक के अनुसार बुद्ध से मिलने के पश्चात बिम्बिसार ने बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया तथा बुद्ध और उनके अनुयायियों के लिए 'वेलुवन' नामक उद्यान प्रदान किया। अजातशत्रु बिम्बिसार का पुत्र था तथा उसके ही शासनकाल में प्रथम बौद्ध संगीति (राजगृह या गिरिब्रज में 483 ई.पू.) का आयोजन हुआ। उसने अपने शासनकाल में बुद्ध के अवशेषों पर राजगृह में स्तूप का निर्माण करवाया।

**44. मौर्य राजवंश का प्रथम शासक कौन था?**

(a) बिन्दुसार (b) चन्द्रगुप्त
(c) बृहद्रथ (d) अशोक

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** मौर्य साम्राज्य की स्थापना चंद्रगुप्त मौर्य ने 322 ई.पू. के आसपास की थी। यह सिंधु और गंगा दोनों के मैदानों को नियंत्रित करता था एवं इसका साम्राज्य पूर्वी और पश्चिमी महासागरों तक फैला हुआ था। इसकी राजधानी पाटलिपुत्र थी। इस काल के तीन प्रसिद्ध शासक चंद्रगुप्त, बिंदुसार और अशोक थे।

**45. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन राजा अशोक का पुत्र नहीं है?**

(a) कुणाल (b) तिवाला
(c) महिंद्रा (d) कैवल्य

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** सम्राट अशोक ने अपने पुत्र महेन्द्र और पुत्री संघमित्रा को बौद्ध मिशनरी के कर्तव्यों को पूरा करने के लिए सीलोन (श्रीलंका) भेजा था।

- कुणाल : यह सम्राट अशोक और रानी पद्मावती के पुत्र थे।
- तिवाला/तीवर : यह सम्राट अशोक और करूवाकी का पुत्र था।
- जालौक : वह सम्राट अशोक के पुत्रों में से एक था। उनका उल्लेख कल्हण की राजतरंगिणी में किया गया था।

**46. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**

**I. मैगस्थनीज, सेल्यूकस निकेटर का राजदूत था।**

**II. अशोक ऐसे पहले शासक थे, जिन्होंने अभिलेखों द्वारा जनता तक अपने संदेश पहुँचाने की कोशिश की।**

(a) केवल II (b) I तथा II दोनों

(c) केवल I (d) ना ही I ना ही II

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** मेगास्थनीज, सेल्यूकस निकेटर का राजदूत था, जो चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया था। यह यूनान का निवासी था। मेगास्थनीज ने 'इण्डिका' नामक पुस्तक लिखी थी, जिससे मौर्य युगीन समाज एवं संस्कृति के बारे में जानकारी मिलती है। प्राचीन भारतीय इतिहास में अशोक पहला शासक था, जिसने अभिलेखों के माध्यम से जनता तक संदेश पहुँचाने की कोशिश की। अशोक के उत्कीर्ण लेखों के लेखन प्रणाली को सबसे प्राचीन माना जाता है। उसके अभिलेख चार लिपियों ब्राह्मी, खरोष्ठी, अरमाइक और यूनानी है। अशोक के प्राप्त अभिलेखों की संख्या 33 से अधिक है। सर्वप्रथम 1837 ई. में जेम्स प्रिंसेप ने अशोक के दिल्ली टोपरा अभिलेख को पढ़ने में सफलता प्राप्त की थी। अतः कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।

**47. यूनानियों द्वारा निम्नलिखित में से किस भारतीय राजा को 'अमित्रोचेट्स' अर्थात् दुश्मनों का संहार करने वाला राजा कहा जाता था?**

(a) चंद्रगुप्त मौर्य (b) दशरथ

(c) बिन्दुसार (d) अशोक

**NVS PGT 19/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** बिन्दुसार को 'अमित्रोचेट्स' अर्थात् 'दुश्मनों का संहार' करने वाला राजा कहा गया है। बिन्दुसार (298 - 272 ई.पू.) चन्द्रगुप्त मौर्य का पुत्र था जो उसकी मृत्यु के पश्चात् गद्दी पर बैठा । इसने अपने पिता द्वारा विजित क्षेत्र को पूर्ण रूप से अक्षुण्ण बनाए रखा। बिन्दुसार के दरबार में डायमेकस नामक दूत आया था।

**48. अशोक द्वारा नियुक्त किए गए धर्ममहामात्रों के कर्त्तव्यों का उसके निम्न अभिलेखों में उल्लेख हुआ हैः**

**(i) पञ्चम् शिलालेख (ii) सप्तम् स्तम्भलेख**

**(iii) षष्ठ शिलालेख (iv) द्वादश शिलालेख**

**कूटः**

(a) (i) एवं (iii)

(b) (i), (ii) एवं (iii)

(c) (ii), (iii) एवं (ii)

(d) (i) एवं (ii)

**KVS Vice Principal 2018**

**Ans. (a) :** अशोक मौर्य वंश का प्रसिद्ध शासक था। अशोक के अभिलेखों को तीन भाग में बांटा गया है – शिलालेख, स्तंभलेख व गुहालेख। अशोक के शिलालेख की संख्या 14 है। इसके पाँचवें तथा छठे शिलालेख में धर्ममहामात्रों के कर्त्तव्यों का उल्लेख हुआ है। अशोक के शिलालेखों की खोज 1750 ई. में 'टी फैंथेलर' ने की तथा पढ़ने में सफलता 1837 ई. में 'जेम्स प्रिंसेप' को मिली।

**49. ''यह एक बड़ा और सुंदर शहर है। यह चारों ओर से एक विशाल दीवार से घिरा है। इसमें 570 मीनारें हैं और 64 द्वार है। दो और तीन मंजिल के घर लकड़ी और मिट्टी की ईंटों से बने हैं। राजा का महल भी काष्ठ-निर्मित है और पत्थरों पर नक्काशी द्वारा अलंकृत है। बागों और पक्षियों को रखने के लिए निर्मित बाड़ों से यह घिरा है।''**

**यह किस स्थान का विवरण है?**

(a) तक्षशिला (b) कोशल

(c) पाटलिपुत्र (d) उज्जयिनी

**NVS (2016)**

**Ans. (c)** उपरोक्त दिया गया विवरण 'पाटलिपुत्र' नगर के बारे में दिया गया है। यह विवरण यूनानी राजदूत मेगस्थनीज द्वारा लिखित पुस्तक 'इंडिका' में दिया गया है। मेगस्थनीज चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में राजदूत बनकर आया था। पाटलिपुत्र नगर की स्थापना सम्राट अजातशत्रु के उत्तराधिकारी 'उदायिन' ने की थी।

**50. चंद्रगुप्त मौर्य .......... था।**

(a) अशोक का परदादा (b) अशोक का भाई

(c) अशोक का पिता (d) अशोक का दादा

**DSSSB मोटर वाहन इंस्पेक्टर (28-12-2014)**

**Ans. (d)** चंद्रगुप्त मौर्य की गणना भारत के महान शासकों में होती है। वह भारत का प्रथम ऐतिहासिक सम्राट था जिसने मौर्य वंश की स्थापना की। चन्द्रगुप्त का उत्तराधिकारी बिन्दुसार हुआ तथा बिन्दुसार का उत्तराधिकारी अशोक महान था। इस संबंध से चन्द्रगुप्त मौर्य, अशोक महान का दादा हुआ।

**51. गौतमी पुत्र श्री शातकर्णी ....... वंश के राजा थे।**

(a) चोल (b) चेर

(c) पांड्य (d) सातवाहन

**DSSSB PRT 25/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** गौतमी पुत्र शातकर्णी सातवाहन वंश का महानतम शासक था। इनकी माता बलाश्री के नासिक अभिलेख में इन्हें 'एकमात्र ब्राह्मण' एवं अद्वितीय ब्राह्मण कहा गया है। आंध्र-सातवाहन (60 ई.पू.-230 ई.पूर्व) वंश का संस्थापक सिमुक था। इनकी राजधानी प्रतिष्ठान (वर्तमान में महाराष्ट्र) थी। पुराणों में इस वंश को आंध्र कहा गया है।

**52. निम्नलिखित में से किस इंडो-बैक्ट्रीयाई शासक ने भारत में यूथीडेमिड साम्राज्य की नींव रखी ?**

(a) एंटिओकस III (b) यूथियडेमस II

(c) पेंटालियोन

(d) डेमोट्रियस I

**DSSSB PRT 27/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** डेमोट्रियस I इंडो-बैक्ट्रीयाई शासक ने भारत में यूथीडेमिड साम्राज्य की नीव रखी। यह राजवंश 230 ई. पू. में स्थापित एक हेलेनिस्टिक राजवंश था, जिसने 230ई. पू. से 10 ई. तक ग्रीको-बैक्ट्रियन और इंडो-ग्रीफ साम्राज्यों पर शासन किया था। (इसके अंतिम शासक, स्ट्रैटो की मृत्यु पर)

**53. प्राचीन भारत के राजा कनिष्क निम्नलिखित में से किस राजवंश से संबंधित थे?**

(a) कुषाण (b) कण्व
(c) शुंग (d) मौर्य

**NVS PGT 17/09/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** कनिष्क का संबंध 'कुषाण वंश' से था। कुषाण वंश का संस्थापक 'कुजुल कडफिसेस' था। कनिष्क ने 78 ई. में शक संवत चलाया। कनिष्क बौद्ध धर्म का संरक्षक था तथा इसके शासनकाल में चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन वसुमित्र की अध्यक्षता में कुण्डलवन (कश्मीर) में हुआ। इस बौद्ध संगीति में बौद्ध धर्म हीनयान एवं महायान दो भागों में बँट गया।

**54. अश्वघोष जो राजा ............. के दरबार में रहता था, उसने बुद्धचरित लिखी।**

(a) कनिष्क (b) बाबर
(c) विक्रमादित्य (d) अशोक

**DSSSB-PGT (30-11-2014)**

**Ans. (a) :** अश्वघोष कुषाण नरेश कनिष्क के समकालीन बौद्ध महाकवि तथा दार्शनिक थे। ये कनिष्क के राजकवि भी थे। इनके द्वारा रचित बुद्धचरितम्, संस्कृत का महाकाव्य है। अश्वघोष द्वारा रचित अन्य कृतियाँ सौन्दरानंदकाव्यम्, शारिपुत्रप्रकरणम् आदि है।

**55. कनिष्क महान जो ...... राजवंश के तुरुष्क सम्राट थे, उन्होंने गांधार स्कूल की यूनानी–बौद्ध कला को प्रोत्साहन दिया–**

(a) कोशल (b) कुषाण
(c) मौर्य (d) इनमें से कोई नहीं

**DSSSB- फायर ऑपरेटर परीक्षा (31-08-2014)**

**Ans : (b)** कनिष्क कुषाण वंश का सबसे प्रतापी शासक था। कनिष्क भारतीय इतिहास में अपनी विजय, धार्मिक प्रवृत्ति, साहित्य आदि के लिए विख्यात था। कनिष्क के काल में सर्वाधिक विकास कला के क्षेत्र में हुआ। गांधार शैली में निर्मित बुद्ध तथा बोधिसत्व मूर्तियाँ ही विशेष रूप से उल्लेखनीय थी। इस शैली को यूनानी–बौद्ध, इण्डो ग्रीक – रोमन कला भी कहा जाता है। मथुरा शैली में अनेक स्तूप, मूर्तियों का भी निर्माण हुआ।

**56. भरमौर में सबसे बड़ा मंदिर कौन-सा है जो हिमाचल प्रदेश में गुप्त युग के बाद का हिंदू मन्दिर है ?**

(a) संकट मोचन मन्दिर (b) वशिष्ठ मन्दिर
(c) लक्षना देवी मन्दिर (d) बाबा बालक नाथ मन्दिर

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** भरमौर स्थित सबसे बड़ा मन्दिर लक्षना देवी का मंदिर है जो हिमाचल प्रदेश में गुप्त युग के बाद का हिन्दू मंदिर है। यह देवी दुर्गा के महिसाशुर मर्दनि रूप को समर्पित है। यह 7वीं शताब्दी के उत्तरार्ध का है, और भारत के सबसे पुराने अवशिष्ट लकड़ी के मंदिरों में से एक है।

**57. 'विक्रमादित्य' की उपाधि किसने धारण की थी?**

(a) अशोक (b) बिन्दुसार
(c) चन्द्रगुप्त II (d) समुद्रगुप्त

**DSSSB- Grade-III Exam. (24-09-2017)**

**Ans : (c)** गुप्त वंश की स्थापना श्रीगुप्त ने की थी। इस राजवंश का सबसे प्रतापी राजा 'चन्द्रगुप्त द्वितीय' था। इन्होंने शकों पर विजय के उपलक्ष्य में 57 ई. पूर्व में एक नया संवत् 'विक्रम संवत्' के नाम से प्रारम्भ किया। चन्द्रगुप्त द्वितीय ने 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण की। समुद्रगुप्त को 'भारत का नेपोलियन' कहा जाता है।

**58. गुप्त वंश (320-540) के शासन के दौरान कुतुब मीनार के नजदीक लौह स्तंभ पर किस का साधिकार है?**

(a) समुद्रगुप्त
(b) चन्द्रगुप्त
(c) कुमारगुप्त
(d) उपरोक्त सभी

**DSSSB- DASS (29-03-2015)**

**Ans. (b) :** गुप्त वंश के शासन के दौरान तथा वर्तमान में कुतुब मीनार के निकट स्थित लौह स्तंभ पर चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य का साधिकार है। इस स्तंभ का निर्माण गुप्त वंश के महान राजा चन्द्रगुप्त द्वितीय की याद में करवाया गया था।

**59. दिल्ली के मेहरौली में स्थित लौह स्तम्भ निम्नलिखित में से किस शासक से संबंधित है?**

(a) अशोक (b) चंद्रगुप्त मौर्य
(c) समुद्रगुप्त (d) चंद्रगुप्त-II

**DSSSB- मैट्रन व वार्डन परीक्षा (29-06-2014)**

**Ans. (d)** चन्द्रगुप्त-II को 'विक्रमादित्य' के नाम से भी जाना जाता है। वह भारत का महानतम एवं शक्तिशाली सम्राट था। इसके साम्राज्य में गुप्त वंश अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँचा। मेहरौली में स्थित 'लौह स्तम्भ' गुप्त वंश के शासक चन्द्रगुप्त द्वितीय से सम्बन्धित है।

**60. दिल्ली में मेहरौली में स्थित लौह स्तंभ पर माना जाता है कि इसकी शौर्यगाथा अंकित की गई है-**

(a) अशोक (b) चन्द्रगुप्त II
(c) समुद्रगुप्त (d) कनिष्क

**DSSSB- TGT (28-12-2014)**

**Ans. (b) :** दिल्ली में मेहरौली में स्थित लौह स्तम्भ पर चन्द्रगुप्त II की शौर्यगाथा का अंकन किया गया है। यह चन्द्रगुप्त II द्वारा निर्मित प्राचीन भारतीय धातुकर्म की पराकाष्ठा को प्रदर्शित करता है।

**61. अजंता और एलोरा की गुफाएँ ........... के पास हैं।**

(a) अजमेर (b) औरंगाबाद
(c) पटना (d) जयपुर

**DSSSB मोटर वाहन इंस्पेक्टर (28-12-2014)**

**Ans. (b) :** अजंता-एलोरा की गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर के समीप स्थित हैं। ये गुफाएँ बड़ी-बड़ी चट्टानों को काटकर बनाई गई है। 29 गुफाएँ अजंता में तथा 34 गुफाएँ एलोरा में है।

**62. विश्व प्रसिद्ध अजंता की गुफाएँ किस राज्य में स्थित है?**

(a) मध्य प्रदेश (b) महाराष्ट्र
(c) कर्नाटक (d) ओडिशा

**DSSSB-पैरामेडिकल अधिकार भर्ती (25-05-2014)**

**Ans. (b)** विश्व प्रसिद्ध अजंता की गुफाएँ महाराष्ट्र राज्य में स्थित है। गुप्तकाल में चित्रकला के दृष्टिकोण से अजंता (महाराष्ट्र) तथा बाघ सी (म.प्र.) की गुफाओं का उल्लेख है। अजंता में कुल 29 गुफाएं हैं जिनमें सिर्फ 6 (गुफा संख्या 1, 2, 9, 10, 16, 17) ही शेष है। इनका निर्माण 200 ई. पू. से लेकर सातवीं सदी ई. तक किया गया। इसमें गुफा संख्या 16 एवं 17 ही गुप्तकालीन है। अजंता की गुफाएं बौद्ध धर्म की महायान शाखा से सम्बन्धित है जबकि बाघ की गुफाएं लौकिक जीवन से सम्बन्धित है।

**63. तीसरी शताब्दी में वाकाटक वंश के संस्थापक कौन था?**

(a) नागभट्ट (b) प्रवरसेन
(c) विन्ध्यशक्ति (d) रुद्रसेन

**NVS PGT (13-06-2019)**
**NVS PGT 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans.(c):** विंध्यशक्ति तीसरी शताब्दी में वाकाटक वंश का संस्थापक था। इसके बाद उसका पुत्र प्रवरसेन प्रथम राजसिंहासन पर बैठा। उसके काल में वाकाटक राज्य बुन्देलखण्ड से लेकर हैदराबाद तक फैल गया। वह सम्राट की उपाधि धारण करने वाला वाकाटक वंश का प्रथम शासक था।

**64. भारत में स्थित राजा नरसिंह देव I का सूर्य मंदिर कहाँ स्थित है ?**

(a) दुर्गापुर (b) अजमेर
(c) भरतपुर (d) कोणार्क

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** पूर्वी गंग वंश के राजा नरसिंह देव प्रथम ने 13वीं शताब्दी में कोणार्क के सूर्य मंदिर का निर्माण करवाया था। यह मंदिर हिंदू धर्म के भगवान सूर्य को समर्पित है और पुरी से 35 किमी. पूर्वोत्तर में स्थित है। इस मंदिर परिसर को वर्ष 1984 में यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया है।

**65. राजराज ——— वंश के शासक थे।**

(a) चंडेला (b) चौल
(c) चालुक्यास (d) पल्लव

**DSSSB PRT 25/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** राजराज-I दक्षिण भारत के चोल वंश के महानतम शासकों में से था। इसका शासनकाल 985 ई. से 1014 ई. तक रहा चोल वंश का संस्थापक 'विजयालय' था। राजराज-I ने तंजावुर स्थिर वृहदेश्वर मन्दिर का निर्माण करवाया। इस मन्दिर को 'राजराजेश्वर मन्दिर' के नाम से भी जाना जाता है।

**66. वंश-संबंधित स्थान का कौन-सा युग्म सही है?**

**I. चोल – उरैयूर**
**II. पल्लव - कांचीपुरम**

(a) I तथा II दोनों
(b) केवल I
(c) केवल II
(d) ना ही I ना ही II

**DSSSB PRT 25/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** संगमकालीन तीन प्रधान राज्यों में चोलों का उदय नौंवी शताब्दी से हुआ। साक्ष्यों के आधार पर चोल राज्य की पहली राजधानी 'उत्तरी मनलूर' थी लेकिन कालान्तर में राजधानी उरैयूर तथा तंजावुर हो गई। करिकाल ने कावेरीपत्तनम नगर की स्थापना की और उसे अपनी राजधानी बनाया। अतः कथन I सत्य है।
पल्लव वंश की राजधानी कांचीपुरम थी। इस वंश की स्थापना सिंह विष्णु ने की थी। कांचीपुरम रेशम और रॉक-कट मंदिरों के लिए प्रसिद्ध था। अतः कथन-II भी सत्य है।

**67. निम्नलिखित में से किसे सबसे शक्तिशाली चोल शासन माना जाता था ?**

(a) राजेन्द्र I (b) राजराज I
(c) दन्तिदुर्ग (d) विजयालय

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** राजराज प्रथम (शासनकाल- 985-1014 ईस्वी) सबसे शक्तिशाली चोल शासक माना जाता है जबकि चोल वंश का संस्थापक 'विजयालय' राजराज कला और धर्म के संरक्षक होने के साथ-साथ एक संगठनात्मक और राजनीतिक प्रतिभाशाली शासक भी था। सम्राट बनने के उपरांत उन्होंने दक्षिण भारत में श्रीलंका के राज्यों और उत्तर-पूर्व में कलिंग (उड़ीसा) पर विजय प्राप्त की थी।

**68. अपने गुफा मंदिरों के लिए प्रसिद्ध घारापुरी द्वीप कहाँ स्थित है?**

(a) मुंबई तट पर (b) लक्षद्वीप समूह
(c) सिलवासा तट पर (d) दमन और दीव

**NVS PGT 17/09/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** घारापुरी, एलिफेंटा द्वीप का प्राचीन नाम है।
घारापुरी गुफाएँ भारत में मुम्बई तट पर स्थित है जो अपनी कलात्मक गुफाओं और भव्य मूर्तियों के कारण प्रसिद्ध है। यहाँ कुल सात गुफाएँ हैं। इन गुफाओं का नाम 'एलिफेंटा' पुर्तगालियों द्वारा यहाँ बने पत्थर के हाथी के कारण दिया गया था। यहाँ की गुफाएँ हिन्दू धर्म से संबंधित है।

**69. कन्दारिया महादेव मन्दिर किस राजपूत वंश के संरक्षण में बनाया गया था?**

(a) दिल्ली और अमजेर के चौहान
(b) कन्नौज के राठौड़
(c) मेवाड़ के सिसोदिया
(d) बुन्देलखण्ड के चन्देल

**DSSSB PRT 27/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** कन्दरिया महादेव मंदिर खजुराहो मंदिर समूह के अंतर्गत सबसे विशाल मंदिर हैं। इस मंदिर को वर्ष 1025-1050 ई० के बीच बुंदेलखण्ड के चंदेल शासक राजा धंगदेन के द्वारा बनवाया गया था। भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर मध्य प्रदेश में स्थित है जो स्थापत्य की एक अप्रतिम निर्माण छवि प्रस्तुत करता है।

**70. चिदंबरम का चोल मंदिर निम्न में से किस धार्मिक समूह का है?**

(a) अलवार (b) जैन
(c) नयनार (d) वैदिक

**KVS TGT 2018**

**Ans. (c) :** चिदंबरम मंदिर, तमिलनाडु के चिदंबरम में अवस्थित है जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर वास्तुकला की द्रविड़ शैली में बनाया गया था। यह मन्दिर नयनार नामक धार्मिक समूह से संबंधित है। नयनार, भगवान शिव को समर्पित संतों का समूह था।

**71. चोलकाल में निर्मित नटराज की मूर्ति में भगवान के कितने हाथ दिखते हैं?**

(a) आठ हाथ (b) छः हाथ
(c) चार हाथ (d) दो हाथ

**DSSSB- Steno. Exam. (27-07-2014)**

**Ans : (c)** नटराज की मूर्ति का निर्माण चोलकाल में हुआ था। नटराज, शिव की प्रसिद्ध मूर्ति है, जिसमें भगवान की चार भुजाएँ (हाथ) हैं। उनके चारों ओर अग्नि के घेरे हैं। एक पाँव से उन्होंने एक बौने (अकश्मा) को दबा रखा है एवं दूसरा पाँव नृत्य मुद्रा में ऊपर की ओर उठा हुआ है। उन्होंने अपने पहले दाहिने हाथ में डमरू पकड़ा हुआ है। डमरू की आवाज सृजन का प्रतीक है।

**72. ............. मन्दिर का निर्माण राज राज चोल द्वारा किया गया था।**

(a) श्री कृष्ण (b) मदुरै मीनाक्षी
(c) बृहदेश्वर (d) बालाजी

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (c)** चोल शासक राजराज प्रथम शैव धर्म मतानुयायी थे। इन्होंने तंजौर में राजराजेश्वर या बृहदेश्वर मंदिर का निर्माण कराया तथा उसकी दीवारों पर बौद्ध प्रतिमाओं के उत्कीर्ण करवाया।

**73. चालुक्य वंश का राजधानी शहर था-**

(a) श्रीरंगपट्नम (b) बादामी
(c) मदुरई (d) कांचीपुरम्

**DSSSB-PGT (30-11-2014)**

**Ans. (b)** चालुक्य (543 ई.- 753 ई.) दक्षिण भारत का प्रसिद्ध राजवंश था। जयसिंह इस वंश का प्रथम शासक था जबकि पुलकेशिन प्रथम चालुक्य साम्राज्य (वातापी) का वास्तविक संस्थापक था तथा इसने वातापी (बादामी) को अपनी राजधानी बनाया। इस वंश का सबसे प्रतापी राजा पुलकेशिन द्वितीय था, जिसने हर्षवर्धन को हराया। इसने 'परमेश्वर' की उपाधि धारण की थी। इस वंश का अंतिम शासक कीर्तिवर्मन् द्वितीय था।

**74. एलोरा का प्रसिद्ध कैलाशनाथ मंदिर किसके द्वारा बनवाया गया था?**

(a) कृष्ण प्रथम (b) कलिंगा प्रथम
(c) केशव प्रथम (d) इमनें से कोई नहीं

**DSSSB- फायर ऑपरेटर परीक्षा (31-08-2014)**

**Ans. (a)** एलोरा का 'कैलाश मन्दिर' महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में प्रसिद्ध 'एलोरा की गुफाओं' में स्थित है, जिसका निर्माण राष्ट्रकूट वंश के शासक कृष्ण प्रथम ने (756AD–773AD) करवाया था।

**75. अनंतवर्मन ______ वंश का शासक था।**

(a) नंद (b) हर्यक
(c) गंग (d) शुंग

**DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** अनंतवर्मन पूर्वी गंग वंश का एक प्रमुख राजा था जिसने 11-12 वीं शताब्दी ई. में शासन किया था। ओडिसा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर का निर्माण उनके द्वारा करवाया गया था। पूर्वी गंग राजवंश ने कलिंग पर शासन किया।

**76. निम्न में से कौन चट्टानों को काटकर बनाई गई गुफा का उदाहरण नहीं है?**

(a) कोणार्क (b) एलोरा
(c) अजंता (d) बाघ

**NVS PGT 17/09/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** कोणार्क का सूर्य मंदिर चट्टानों को काटकर बनाये गये गुफा का उदाहरण नहीं है। यह लाल बलुआ पत्थर एवं काले ग्रेनाइट द्वारा निर्मित है। इस मंदिर का निर्माण गंग वंश के शासक (नरसिंह देव प्रथम) ने 13वीं शताब्दी में करवाया था। यह मंदिर भगवान सूर्य को समर्पित है। यह मंदिर कलिंग वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना है। इसे 1984 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल कर लिया गया।

**77. राजा-रानी द्वारा शासित देशों को उनकी राजधानी के साथ सुमेलित करें :**

| सूची - A (राज्य) | सूची - B (राजधानी ) |
|---|---|
| i. पल्लव | a. बादामी |
| ii. चालुक्य | b. मदुराई |
| iii. पांड्य | c. काँची |
| iv. कदम्ब | d. वैजयन्ती |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (a) | a | c | b | d |
| (b) | b | c | d | a |
| (c) | c | a | b | d |
| (d) | c | a | d | b |

**NVS-TGT-PGT (2016)**

**Ans. (c)** सही सुमेलन इस प्रकार है–

| राज्य | राजधानी |
|---|---|
| पल्लव | काँची |
| चालुक्य | बादामी |
| पांड्य | मदुराई |
| कदम्ब | वैजयन्ती |

**78. भारत कई खूबसूरत प्राचीन मंदिरों का एक देश है। निम्नलिखित में से कौन–सा मंदिर सबसे व्यापक एवं ठोस चट्टानों की खुदाई से बनाया गया वैभवशाली धार्मिक स्थलों को प्रदर्शित करता है तथा जो भारत में सबसे अनूठा व अद्भुत वास्तुशिल्प है?**

(a) एलोरा का कैलाश मंदिर
(b) मामल्लपुरम् या महाबलीपुरम का रथ मंदिर
(c) खजुराहो में चतुर्भुज–विष्णु मंदिर
(d) कांची में कैलाश मंदिर

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (02-02-2014)**

**Ans : (a)** एलोरा का कैलाश मंदिर औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में स्थित है। इसके निर्माणकर्ता राष्ट्रकूट शासक कृष्ण–I थे। यह भगवान शिव का मन्दिर है। मामल्लपुरम् या महाबलीपुरम का रथ मंदिर महाबलीपुरम, तमिलनाडु में स्थित है जिसका निर्माण नरसिंह वर्मन I ने करवाया था। खजुराहो (मध्य प्रदेश) के चतुर्भुज मंदिर या विष्णुमंदिर का निर्माण चंदेल शासकों ने करवाया था। कांची (तमिलनाडु) के कैलाश मंदिर को पल्लव वंशी शासक नरसिंह वर्मन II ने बनवाया था।

**79. सूर्य मंदिर यहाँ स्थित है?**

(a) भोपाल (b) मदुरई
(c) तिरुचिरापल्ली (d) कोणार्क

**DSSSB- DASS (29-03-2015)**

**Ans. (d) :** सूर्य मन्दिर उड़ीसा राज्य के कोणार्क शहर में स्थित है। इसका निर्माण तेरहवीं शताब्दी में नरसिंह देववर्मन प्रथम ने करवाया था। इस मंदिर को 'ब्लैक पैगोडा' भी कहते है।

**80. नटराज की प्रसिद्ध कांसे की प्रतिमा इसका उत्तम उदाहरण है-**

(a) चोल कला (b) होयसल कला
(c) गांधार कला (d) मौर्य कला

**DSSSB- TGT (28-12-2014)**

**Ans. (a) :** नटराज की प्रसिद्ध कांसे की प्रतिमा 'चोल कला' का उत्तम उदाहरण है, नटराज शिव के 'तांडव नृत्य' का प्रतीक है।

**81. निम्नलिखित में से किस राजवंश ने 7वीं और 8वीं शताब्दी के दौरान कश्मीर घाटी पर शासन किया था?**

(a) शाह मीर राजवंश (b) कार्कोट राजवंश
(c) माहड़वाल राजवंश (d) कलचुरी राजवंश

**DSSSB PRT 29/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** 7वीं और 8वीं शताब्दी के दौरान कश्मीर घाटी पर कार्कोट राजवंश ने शासन किया। इस वंश की स्थापना दुर्लभवर्द्धन नामक व्यक्ति ने की थी। ह्वेनसांग ने उसके शासनकाल में कश्मीर की यात्रा की थी। इस वंश का सबसे शक्तिशाली शासक ललितादित्य मुक्तापीड था।

**82. किस चालुक्य राजा ने ''अभिनव सिद्धराज'' की उपाधि धारण की?**

(a) कुमारपाल
(b) मूलराज I
(c) जयसिंह (जयासिम्हा) सिद्धराज
(d) भीम II

**DSSSB PRT 27/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** गुजरात के चालुक्य अथवा सोलंकी वंश अग्निकुल से उत्पन्न राजपूतों में से एक थे। गुजरात के चालुक्य शाखा की स्थापना का श्रेय मूलराज प्रथम (941-995 ई.) को प्रदान किया जाता है। इस वंश के शासक अजयपाल के पुत्र भीम द्वितीय ने उसके राज्य पर मुस्लिमों के आक्रमण को सफलतापूर्वक दबाने के पश्चात ही 'अभिनव सिद्धराज' की उपाधि धारण की।

**83. संगम काल दक्षिण भारत में ........ काल है।**

(a) 4वीं शताब्दी BC से 4वीं शताब्दी AD तक
(b) 5वीं शताब्दी BC से 5वीं शताब्दी AD तक
(c) 3वीं शताब्दी BC से 3वीं शताब्दी AD तक
(d) 2वीं शताब्दी BC से 2वीं शताब्दी AD तक

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** संगम काल दक्षिण भारत में तीसरी शताब्दी ई.पू.से तीसरी शताब्दी ई. तक माना जाता है। संगम, संस्कृत भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ 'मिलन' है। यह प्राचीन भारत में कृष्णा एवं तुंगभद्रा नदियों का मिलन था। संगम संस्कृति में सुदूर दक्षिण के तीन राज्यों चोल, चेर एवं पाण्डयों की संस्कृतियों का अध्ययन किया जाता है।

**84. दिल्ली की सुरक्षा प्राचीर में निम्न में से कौन-सा इब्न-ए-बतूता के द्वारा सबसे उत्तम दरवाजा बताया गया?**

(a) दिल्ली दरवाजा (b) माण्डवी दरवाजा
(c) गुल दरवाजा (d) बदायूँ दरवाजा

**KVS PRT 22/12/2018 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** दिल्ली दरवाजे को इब्न-ए-बतूता द्वारा उत्तम दरवाजा कहा गया है। इब्न बतूता द्वारा अरबी भाषा में लिखा गया उसका यात्रा वृतांत जिसे 'रेहला' कहा जाता है चौदहवीं शताब्दी में भारतीय उपमहाद्वीप के सामाजिक तथा सांस्कृतिक जीवन के विषय में बहुत ही प्रचुर तथा रोचक जानकारियाँ देता है। यह मोरक्को का निवासी था।

**85. भारत के मूल निवासी थे-**

(a) सिक्ख (b) मुगल
(c) द्रविड़ (d) ईसाई

**DSSSB-PGT (30-11-2014)**

**Ans. (c)** द्रविड़, भारत के मूल निवासी थे। इनका संबंध मुख्यत: दक्षिण भारत से है। इस मूल के लोग तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाएँ बोलते है।

## (ii) मध्यकालीन इतिहास (Medieval History)

**86. राजा जयपाल और मोहम्मद गजनी के बीच पेशावर का युद्ध किस वर्ष में लड़ा गया था?**

(a) 1512 (b) 1001
(c) 1758 (d) 1205

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** राजा जयपाल और मोहम्मद गजनी के बीच पेशावर का युद्ध 1001 ई. में लड़ा गया, जिसमें जयपाल की हार हुई और उसे पकड़ लिया गया। परिणामस्वरूप हार के अपमान के कारण जयपाल ने आत्मदाह कर लिया।

**87. तराइन का प्रथम युद्ध मोहम्मद गोरी और निम्नलिखित मे से किस भारतीय राजा के बीच में लड़ा गया था?**

(a) देववर्मन (b) राजा यशोविग्रह
(c) पृथ्वीराज चौहान (d) राजा उदयसिंह

**DSSSB PRT 29/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** मुहम्मद गोरी का असली नाम शहाबुद्दीन उर्फ मुइजुद्दीन मुहम्मद गोरी था। उसने 1175 ई. में मुल्तान के विरूद्ध आक्रमण किया। उसने दो महत्त्वपूर्ण लड़ाइयाँ लड़ी। 1191 ई. में तराइन का प्रथम युद्ध हुआ, जिसमें वह पृथ्वीराज चौहान से पराजित हुआ।

- 192 ई. में तराइन द्वितीय युद्ध जहाँ पृथ्वीराज चौहान पराजित हुआ और उसके द्वारा मारा गया।

**88. महमूद गजनवी ने ........ में, अपने पहले आक्रमण में हिन्दुस्तानी राजतंत्र पर हमला करते हुए जयपाल को पराजित किया–**

(a) 1001 ई. (b) 1011 ई.
(c) 1006 ई. (d) 1008 ई.

**DSSSB- फायर ऑपरेटर परीक्षा (31-08-2014)**

**Ans : (a)** महमूद गजनवी, गजनी का शासक था जिसने 998 ई. से 1030 ई. तक शासन किया। महमूद गजनवी ने भारत पर 17 बार आक्रमण किया, उसके आक्रमण का मुख्य कारण भारत की संपत्ति को लूटना था। इसने 1001 ई० में हिन्दुस्तानी राजतंत्र के सीमांत प्रदेशों के राजा जयपाल के विरुद्ध युद्ध किया, जिसमें जयपाल की पराजय हुई।

**89. दिल्ली की सुरक्षा प्राचीर में निम्न में से कौन-सा इब्न-बतूता के द्वारा सबसे उत्तम दरवाजा बताया गया?**

(a) माण्डवी दरवाजा (b) बदायूँ दरवाजा
(c) गुल दरवाजा (d) दिल्ली दरवाजा

**KVS-PRT (22-12-2018**

**Ans. (b) :** दिल्ली की सुरक्षा प्राचीर में 'बदायूँ दरवाजा' को इब्नबतूता के द्वारा सबसे उत्तम दरवाजा बताया गया। इब्नबतूता अफ्रीका के मोरक्को देश का निवासी था जो भारत घूमने आया था।

**90. दिल्ली सल्तनत के वंशों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें :**

1. तुगलक वंश 2. गुलाम वंश
3. खिलजी वंश 4. लोदी वंश

**कूट:**

(a) 2, 3, 1,4 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 4, 1, 2, 3 (d) 2, 1, 3, 4

**NVS-TGT-PGT (2016)**

**Ans. (a)** दिल्ली सल्तनत के वंशों का आरोही क्रम निम्न है–
गुलाम वंश (1206-1290 ई) < खिलजी वंश (1290-1320 ई) <तुगलक वंश (1320-1414 ई) < सैयद वंश (1414–1451 ई.) < लोदी वंश (1451-1526 ई)

**91. दिल्ली के हौज खास क्षेत्र में 'चोर मीनार'........द्वारा बनवाई गई–**

(a) अलाउद्दीन खिलजी
(b) औरंगजेब
(c) फिरोजशाह तुगलक
(d) अकबर

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

**Ans. (a)** चोर मीनार या 'टॉवर ऑफ थीव्स' 13वीं शताब्दी की मीनार है। यह दिल्ली के हौज खास क्षेत्र में स्थित है। अलाउद्दीन खिलजी ने इसका निर्माण करवाया था। चोरी करने वालों को सजा देने के लिए इस मीनार का इस्तेमाल किया जाता था।

**92. निम्नलिखित में से कौन-से वे दो राजवंश थे जो खिलजी वंश से पहले थे?**

(a) गुलाम एवं लोदी वंश
(b) सैय्यद एवं लोदी वंश
(c) गुलाम एवं तुगलक वंश
(d) तुगलक एवं लोदी वंश

**DSSSB-वेलफेयर ऑफिसर परीक्षा (22-06-2014)**

**Ans : (*)** दिल्ली सल्तनत की स्थापना 1206 ई० में हुई। दिल्ली सल्तनत इस्लाम को मानने वाले संतों, विद्वानों, साहित्यकारों और शासकों की शरणस्थली बनी। दिल्ली सल्तनत पर पाँच वंशों का शासन रहा –
(1) गुलाम अथवा ममलूक वंश (1206–1290 ई०)
(2) खिलजी वंश (1290–1320ई०)
(3) तुगलक वंश (1320–1414ई०)
(4) सैयद वंश (1414–1451ई०)
(5) लोदी वंश (1451–1526 ई०)

**93. खिलजी वंश के ठीक बाद दिल्ली पर किस वंश का शासन था?**

(a) तुगलक वंश (b) राजपूत वंश
(c) सैयद वंश (d) लोदी वंश

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-I)**
**DSSSB PRT 20/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a)** 1206 से 1526 ई. तक भारत पर शासन करने वाले पाँच वंश के सुल्तानों के शासनकाल को दिल्ली सल्तनत कहा जाता है। ये पाँच वंश थे–

| वंश | – | शासनकाल |
|---|---|---|
| गुलाम वंश | – | 1206 ई. – 1290 ई. |
| खिलजी वंश | – | 1290 ई. – 1320 ई. |
| तुगलक वंश | – | 1320 ई. – 1414 ई. |
| सैयद वंश | – | 1414 ई. – 1451 ई. |
| लोदी वंश | – | 1451 ई. – 1526 ई. |

बाबर द्वारा इब्राहिम लोदी को पानीपत के प्रथम युद्ध (1526 ई.) में पराजित करने के साथ ही दिल्ली सल्तनत के शासन का अंत हो गया। इब्राहिम लोदी संभवतः युद्ध मे मारे जाने वाला मध्यकाल का प्रथम शासक था।

**94. दिल्ली के उस सुल्तान का नाम बताइए जिसने अपनी राजधानी दिल्ली से देवगिरी स्थानांतरित की?**

(a) मुहम्मद बिन तुगलक
(b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) अलाउद्दीन खिलजी
(d) इब्राहिम लोदी

**NVS PGT 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** दिल्ली के सुल्तान मोहम्मद-बिन-तुगलक (1325-1351 ई0) ने 1327 ई. में दिल्ली से अपनी राजधानी देवगिरि स्थानांतरित किया तथा देवगिरि का नाम बदलकर 'दौलताबाद' रखा। मोहम्मद-बिन-तुगलक का मूल नाम जौना खाँ था तथा उसने उलूग खाँ की उपाधि धारण की थी। इसी के शासनकाल में मोरक्को का यात्री इब्नबतूता (1333 ई.) भारत आया था तथा 'रेहला' नामक पुस्तक की रचना की थी। मोहम्मद-बिन-तुगलक ने कृषि की उन्नति के लिए 'अमीर-ए-कोही' या दीवान-ए-अमीर कोही नामक विभाग की स्थापना की।

**95. बारहवीं शताब्दी के अंतिम दशक के दौरान निर्मित कुव्वत अल-इस्लाम मस्जिद और मीनार ______ गई शहर की प्रथम सामूहिक मस्जिद थी।**

(a) ढाका के सुल्तान
(b) दिल्ली के सुल्तान
(c) लाहौर के सुल्तान
(d) अफगानिस्तान के सुल्तान

**NVS PGT 19/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** बारहवीं शताब्दी के अंतिम दशक में दिल्ली के सुल्तान कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210ई.) ने 'कुव्वत-उल-इस्लाम' मस्जिद का निर्माण करवाया था। पृथ्वीराज चौहान की पराजय के पश्चात ऐबक ने इस मस्जिद का निर्माण करवाया था। यह भारत में निर्मित पहली तुर्क मस्जिद है। इस मस्जिद की सर्वोत्कृष्ट विशेषता उसका मकसूरा एवं इसके साथ जुड़ा किबला जिवान है।

**96. अलाउद्दीन के शाही दरबार को इस महान कवि ने नवाजा :**

(a) फिरदौसी (b) उमर खय्याम
(c) अमीर खुसरो (d) इब्नबतूता

**DSSSB- Forest Gaurd Exam. (28-09-2014)**

**Ans : (c)** हिन्दी खड़ी बोली के जनक तथा प्रसिद्ध शायर, गायक एवं साहित्यकार अमीर खुसरो (1253ई.–1325ई.) अलाउद्दीन खिलजी के शाही दरबार के महान कवि थे। इन्होंने अलाउद्दीन सहित 7 सुल्तानों का शासनकाल देखा था।

**97. भारतीय उपमहाद्वीप की पहली महिला मुस्लिम शासक कौन थी ?**

(a) चांद बीबी (b) ज़ेब-उन-निसा
(c) जहाँआरा (d) रजिया सुल्तान

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** रजिया सुल्तान भारत की पहली और आखिरी मुस्लिम महिला शासिका थी और उसने 1236 ई. से 1240 ई. के मध्य दिल्ली पर शासन किया था। रजिया सुल्तान गुलाम वंश के शासक इल्तुतमिश की पुत्री थी।

**98. भारत में प्रसिद्ध गोल गुम्बद कहाँ स्थित है?**

(a) चित्तौड़गढ़
(b) औरंगाबाद
(c) अजमेर
(d) बीजापुर

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** बीजापुर का गोल गुम्बद (गुम्बज़) मुहम्मद आदिलशाह का मकबरा है। इस मकबरे का निर्माण 1656 में वास्तुकार दाबुल के याकूत द्वारा किया गया था।

**99. निजाम – उल – मुल्क आसफ जाह ______ राज्य के संस्थापक थे।**

(a) अवध (b) दिल्ली
(c) हैदराबाद (d) बंगाल

**DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** निजाम-उल-मुल्क आसफजाह ने हैदराबाद राज्य (1724 ई.) तथा आसफजाही वंश की स्थापना की। वह मुगल सम्राट के अधीन दक्कन का वायसराय था। मुगल बादशाह मुहम्मदशाह ने चिनकिलिच खाँ (निजामुलमुल्क) को दक्कन के छः सूत्रों की सूबेदारी सौंपी थी जिसकी मुख्यालय औरंगाबाद था।

**100. अजमेर में किस सूफी संत की दरगाह है?**

(a) सलीम चिश्ती
(b) मोइनुद्दीन चिश्ती
(c) बाबा फरीद
(d) हजरत निजामुद्दीन

**KVS PRT 13/02/2011**

**Ans. (b) :** अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह है। यह भारत में चिश्ती सम्प्रदाय के संस्थापक थे। इन्होंने ईश्वर के साथ एकात्मकता पर जोर दिया। चिश्ती सम्प्रदाय भारत में सबसे लोकप्रिय इस्लामिक सम्प्रदाय है।

**101. औरंगजेब की मृत्यु किस वर्ष में हुई थी?**

(a) 1707 (b) 1705
(c) 1710 (d) 1712

**DSSSB PRT 16/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** औरंगजेब 6वां और व्यापक रूप से अंतिम प्रभावशाली मुगल सम्राट माना जाता था। 88 वर्ष की आयु में 1707 ई. को अहमदनगर में उसकी मृत्यु हुई थी। उसकी इच्छा के अनुसार, उसे उसके "आध्यात्मिक गुरू" फकीर बुरहानुद्दीन की दरगाह के पास दफनाया गया । उसकी कब्र औरंगाबाद जिले के 'खुल्दाबाद' गांव में है।

**102. किस वर्ष में बाबर ने भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना की थी ?**

(a) 1526 (b) 1512
(c) 1504 (d) 1517

**DSSSB PRT 29/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** बाबर ने 1526 ई. में पानीपत के प्रथम युद्ध में दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी को पराजित कर भारत में मुगल वंश की स्थापना की।

**103. जहांगीर की राजसी उपाधि किस मुगल सम्राट द्वारा अपनाई गई थी?**

(a) नूर-उद-दीन मोहम्मद सलीम
(b) शहाब-उद-दीन मोहम्मद खुर्रम
(c) जलाल उद्दीन मोहम्मद
(d) मुहिउद्दीन मोहम्मद

**DSSSB PRT 29/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जहाँगीर (सलीम) अकबर के ज्येष्ठ पुत्र थे। इसका जन्म 30 अगस्त, 1569 ई. को फतेहपुर सीकरी में शेख सलीम चिश्ती की कुटिया में हुआ। वर्ष 1605 में सलीम, नूरूद्दीन मुहम्मद जहाँगीर बादशाह गाजी की उपाधि धारण कर मुगल गद्दी पर सत्तासीन हुआ। जहाँगीर को 'न्याय की जंजीर' के कारण स्मरण किया जाता है।

**104. राणा अमर सिंह I और जहांगीर के बीच शांति संधि वर्ष ____ में हस्ताक्षरित की गई थी।**

(a) 1605 (b) 1620
(c) 1610 (d) 1615

**DSSSB PRT 29/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** 5 फरवरी, 1615 को जहाँगीर और अमर सिंह के बीच मुगल - मेवाड सन्धि पर हस्ताक्षर किए गए। अमर सिंह का शासन काल 1597 से 1620 ई० तक था। संधि का प्रस्ताव मेवाड़ की ओर से हरिदास झाला और शुभकरण ने प्रस्तुत किया।

**105. पहले मुगल शासक कौन थे?**

(a) शाहजहाँ (b) हुमायूँ
(c) बाबर (d) अकबर

**DSSSB PRT 23/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c)** बाबर भारत आने वाला पहला मुग़ल सम्राट था। इसका पूरा नाम जहीरूद्दीन मुहम्मद बाबर था। इसने 21 अप्रैल, 1526 ई. में पानीपत के प्रथम युद्ध में इब्राहिम लोदी को पराजित किया तथा मुग़ल वंश की स्थापना की थी। खानवा का युद्ध 1527 ई. में बाबर और राणा सांगा के मध्य हुआ, जिसमें बाबर विजयी रहा और गाज़ी की उपाधि धारण की थी।

**106. मुगल साम्राज्य में उस सेनापति का क्या नाम था जिसने अपने शुरूआती दिनों में अकबर का मार्गदर्शन और देखभाल किया था जब अकबर 14 साल की उम्र में सिंहासन पर बैठा था ?**

(a) टोडरमल (b) मानसिंह
(c) बैरम खां (d) अधम खान

**NVS PGT 17/09/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** बैरम खान एक सैन्य कमाण्डर था। उसने मुगल सम्राट हुमायूँ के पुत्र अकबर को संरक्षण (1556-1560 ई.) प्रदान किया था। अकबर 14 वर्ष की उम्र में गद्दी पर बैठा था। बैरम खॉ ने अकबर के साम्राज्य विस्तार में सहायता की थी।

**107. निम्नलिखित में से कौन सा कारक मुगल काल के दौरान कृषि के विस्तार के लिए जिम्मेदार नहीं था?**

(a) किसानों की गतिशीलता (b) भूमि की बहुतायत
(c) वर्षा आधारित कृषि (d) उपलब्ध श्रम

**KVS TGT Work Experience 2018**

**Ans. (c) :** मुगल काल में जमीन की बहुतायत, मजदूरो की मौजूदगी और किसानों की गतिशीलता की वजह से कृषि का लगातार विस्तार हुआ। चूँकि खेती का प्राथमिक उद्देश्य लोगों का पेट भरना था इसलिए रोजमर्रा के खाने की जरूरते जैसे- चावल, गेहूँ, ज्वार इत्यादि फसलें सबसे ज्यादा उगाई जाती थी। जिन इलाकों में प्रति वर्ष 40 इंच या उससे ज्यादा बारिश होती थी वहाँ चावल की खेती होती थी। कम बारिश वाले इलाकों में क्रमशः गेहूँ व ज्वार-बाजरे की खेती ज्यादा प्रचलित थी।

**108. मुगल दरबार में सुलेखकों को प्रदान की जाने वाली 'स्वर्ण कलम' उपाधि को क्या कहा जाता है?**

(a) अंबरिन कलम (b) ज़ारिन कलम
(c) रोशन कलम (d) कामतारिन कलम

**KVS TGT 2018**

**Ans. (b) :** अकबर के दरबार के सबसे अच्छे सुलेखकों में मुहम्मद हुसैन एक थे। उन्हें अपने अक्षरों के पूरी तरह से आनुपातिक वक्रता की मान्यता में जारिन कलम (Golden Pen) की उपाधि से सम्मानित किया गया था। मुगल बादशाह जहाँगीर द्वारा अब्द-अल-रहीम को अम्बरिन कलम (एम्बर पेन) की उपाधि से सम्मानित किया गया था।

**109. किस राजपूत वंश ने अकबर के आगे आत्मसमर्पण नहीं किया थाः**

(a) परमार (b) प्रतिहार
(c) राठौर (d) सिसोदिया

**KVS TGT (Social Studies) 2013**

**Ans. (d) :** सन् 556 ई. में जिस 'गुहिल वंश' की स्थापना हुई, बाद में वही 'गहलौत वंश' बना और इसके बाद यह 'सिसोदिया राजवंश' के नाम से जाना गया। मेवाड़ से संबंधित यह वंश अपनी समृद्धि, परम्परा, अद्भुत शौर्य एवं अनूठी कलात्मक अनुदानों के कारण संसार में प्रसिद्ध है। स्वाधीन एवं भारतीय संस्कृति की अभिरक्षा के लिए यह एक मात्र राजपूत वंश था जिसने उस समय के शक्शिाली मुगल शासक अकबर के सामने भी आत्म समपर्ण नहीं किया।

**110. पानीपत की प्रथम लड़ाई किनके बीच हुई थी?**

(a) अकबर और हेमू
(b) अब्दाली और मराठे
(c) हुमायूँ और शेरशाह सूरी
(d) बाबर और इब्राहिम लोदी

**DSSSB-Librarian Exam (31-08-2014)**

**Ans. (d)** मुगल वंश का संस्थापक बाबर था। पानीपत का प्रथम युद्ध 21 अप्रैल, 1526 ई. को इब्राहिम लोदी एवं बाबर के बीच हुआ जिसमें बाबर विजयी हुआ। इस विजय के साथ बाबर ने भारत में मुगल वंश की नींव रखी। बाबर ने अपनी आत्मकथा 'बाबरनामा' की रचना की, जिसका अनुवाद फारसी भाषा में अब्दुर्रहीम खान-ए- खाना ने किया। बाबर की मृत्यु के बाद इसका उत्तराधिकारी हुमायूँ हुआ।

**111. मुगल काल में चित्रकारी किसके शासनकाल में अपने शिखर पर थी?**

(a) जहाँगीर (b) शाहजहाँ
(c) औरंगजेब (d) अकबर

**NVS-TGT-PGT (2016)**

**Ans. (a)** जहाँगीर का शासनकाल 1605 से 1627 ई0 तक था। इसके शासनकाल को मुगल 'चित्रकला का स्वर्णयुग' कहा जाता है। इसके शासनकाल में सर्वश्रेष्ठ चित्रकार उस्ताद मंसूर तथा अबुल हसन थे। जहाँगीर ने इन्हें क्रमश: 'नादिर-अल-अस्र' तथा 'नादिर-उज-जमा' की उपाधि प्रदान की थी।

**112. निम्नलिखित में से किस/किन कृति/कृतियों में 15वीं-16वीं सदी के दौरान भारत में फारसी पहिया के प्रयोग के बारे में जानकारी मिलती है?**

(i) बाबरनामा (ii) हुमायूँनामा
(iii) आइने अकबरी (iv) तुजुक-ए-जहाँगीरी

**उत्तर के लिए कूट का प्रयोग करें**

(a) (i) (b) (i) और (ii)
(c) (i), (ii) तथा (iv) (d) (i), (ii), (iii) तथा (iv)

**NVS (2016)**

**Ans. (b) :** 15वीं-16वीं सदी के दौरान भारत में फारसी पहिये के प्रयोग के बारे में जानकारी मुगल शासक बाबर द्वारा रचित उसकी आत्मकथा 'बाबरनामा' से तथा गुलबदन बेगम द्वारा रचित हुमायूँ नामा से प्राप्त होती है।

**113. निम्नलिखित मुगल शासकों में से कौन एक कवि भी था?**

(a) अकबर (b) बाबर
(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ

**DSSSB- मैट्रन व वार्डन परीक्षा (29-06-2014)**

**Ans. (b)** मुगल वंश का संस्थापक बाबर था। पानीपत के प्रथम युद्ध (21 अप्रैल, 1526 ई.) में बाबर ने इब्राहिम लोदी को हराकर मुगल वंश की स्थापना की थी। बाबर को कवि के रूप में भी जाना जाता है। इसने एक नये तरह के छंद 'मुबइयान' का सृजन किया था।
बाबर ने अपनी आत्मकथा 'बाबरनामा' की रचना तुर्की भाषा में की। इसका अनुवाद फारसी भाषा में अब्दुर्रहीम खान खाना ने किया।

**114. दिल्ली में स्थित विश्व प्रसिद्ध लाल किले का निर्माण किस मुगल शासक ने करवाया था?**

(a) अकबर (b) औरंगजेब
(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ

**DSSSB- मैट्रन व वार्डन परीक्षा (29-06-2014)**
**DSSSB DASS (29-03-2015)**

**Ans. (d) :** दिल्ली में स्थित विश्व प्रसिद्ध लाल किले का निर्माण पाँचवें मुगल शासक शाहजहाँ ने 1638-1648 ई. के मध्य करवाया था। इन्होंने अपनी बेगम मुमताज महल की याद में ताजमहल का निर्माण आगरा में उसकी कब्र के ऊपर करवाया। शाहजहाँ के शासनकाल को मुगलकालीन 'स्थापत्य कला का स्वर्णयुग' कहा जाता है।

**115. अकबर द्वारा स्थापित धर्म का नाम क्या था?**

(a) बिन–इलाही
(b) दीन–विलाही
(c) दीन–बिलाही
(d) दीन–ए–इलाही

**DSSSB- फायर ऑपरेटर परीक्षा (31-08-2014)**

**Ans : (d)** दीन–ए–इलाही एक नया धर्म था जिसे तौहीद–ए–इलाही के रूप में भी जाना जाता था। दीन–ए–इलाही धर्म को सन् 1582 में बादशाह अकबर द्वारा स्थापित किया गया था। इसमें सभी धर्मों के मूल सिद्धान्तों को शामिल किया गया। इसका प्रधान पुरोहित अबुल फजल था। हिन्दू राजाओं में इसे सिर्फ बीरबल ने स्वीकार किया।

**116. आगरा में स्थित ताजमहल सफेद संगमरमर से निर्मित एक मकबरा है जिसका निर्माण मुगल सम्राट शाहजहाँ द्वारा अपनी ........ पत्नी मुमताज महल की याद में करवाया गया था?**

(a) पहली (b) दूसरी
(c) तीसरी (d) चौथी

**DSSSB- फायर ऑपरेटर परीक्षा (31-08-2014)**

**Ans : (b)** आगरा में स्थित ताजमहल सफेद संगमरमर से निर्मित एक मकबरा है जिसका निर्माण मुगल सम्राट शाहजहाँ द्वारा अपनी द्वितीय पत्नी मुमताज महल की याद में करवाया गया था। शाहजहाँ की प्रथम पत्नी का नाम 'कन्धारी बेगम' था।

**117. दिल्ली में जामा मस्जिद किसके द्वारा बनवायी गई थी?**

(a) फिरोजशाह तुगलक (b) शाहजहाँ
(c) औरंगजेब (d) शेरशाह सूरी

**DSSSB- Steno. Grade-III Exam. (11-06-2017)**

**Ans. (b)** दिल्ली में जामा मस्जिद का निर्माण सन् 1656 में सम्राट शाहजहाँ ने सादुल्ला खाँ की निगरानी में करवाया था। जामा मस्जिद दिल्ली के लाल किले के बाहर ऊँचे चबूतरे पर स्थित है। इसे मस्जिद-ए-जहाँनुमा भी कहा जाता है। इस मस्जिद में तीन प्रवेश द्वार है, पूर्वी द्वार बादशाह के नमाज पढ़ने के लिए था तथा उत्तरी और दक्षिणी द्वार प्रजा के लिए था।

**118. दारा शिकोह किसका भाई था?**

(a) हुमायूँ (b) अकबर
(c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

**DSSSB- Steno. Grade-III Exam. (11-06-2017)**

**Ans. (d)** दारा शिकोह, मुमताज महल और सम्राट शाहजहाँ का ज्येष्ठ पुत्र तथा औरंगजेब का बड़ा भाई था। दारा शिकोह का जन्म 20 मार्च, 1615 ई0 को अजमेर में हुआ था।

**119. ताजमहल बनवाया था:**

(a) मुमताज महल ने (b) औरंगजेब ने
(c) हुमायूँ ने (d) शाहजहाँ ने

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (d)** विश्व के सात अजूबों में से एक आगरा का ताजमहल मुगल शासक शाहजहाँ ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में बनवाया। इसके मुख्य स्थापत्यकार 'उस्ताद अहमद लाहौरी' तथा मुख्य मिस्त्री 'उस्ताद ईसा खाँ' था।

**120. मुगल राजवंश का संस्थापक कौन था ?**

(a) अकबर (b) बाबर
(c) हुमायूँ (d) बीरबल

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (b) :** मुगल राजवंश का संस्थापक जहीरुद्दीन बाबर था। 21 अप्रैल, 1526 ई. को पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर ने दिल्ली सल्तनत के सुल्तान इब्राहिम लोदी को पराजित करने के पश्चात् भारत में 'मुगल वंश' की नींव डाली। हुमायूँ मुगल वंश का दूसरा शासक तथा अकबर तीसरा शासक था। बीरबल, अकबर के दरबार के प्रमुख वजीर एवं सलाहकार थे।

**121. शाहजहाँ के चार पुत्रों में से किसने अथर्ववेद का अनुवाद करवाया?**

(a) शूजा (b) मुराद

(c) दारा शिकोह (d) औरंगजेब

**DSSSB- हेड कांस्टेबल परीक्षा (29-06-2014)**

**Ans : (c)** शाहजहाँ के चारों पुत्रों में से दारा शिकोह ने अथर्ववेद का अनुवाद करवाया। दारा शिकोह मुमताज महल और सम्राट शाहजहाँ का ज्येष्ठ पुत्र था। सूफीवाद और तौहीद के जिज्ञासु दारा ने सभी हिन्दू और मुसलमान सन्तों से सदैव संपर्क रखा। वह प्रतिभाशाली लेखक भी था। सफीनात अल औलिया और सकीनात अल औलिया उसकी सूफी संतों के जीवन चरित्र पर लिखी हुई पुस्तकें हैं। उपनिषदों का अनुवाद उसने 'सर्र-ए-अकबर' (सबसे बड़ा रहस्य) नाम से किया।

**122. निम्नलिखित में से किस युद्ध के बाद भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना हुई?**

(a) तालीकोटा का युद्ध (b) हल्दीघाटी का युद्ध

(c) पानीपत का प्रथम युद्ध (d) पानीपत का द्वितीय युद्ध

**DSSSB- हेड कांस्टेबल परीक्षा (29-06-2014)**

**Ans : (c)** पानीपत के प्रथम युद्ध के बाद भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना हुई। यह युद्ध 21 अप्रैल, 1526 ई० में हरियाणा के पानीपत नामक स्थान पर जहीरूद्दीन मोहम्मद बाबर तथा दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी के मध्य हुआ। इस युद्ध में बाबर विजयी हुआ। पानीपत में तीन ऐतिहासिक लड़ाइयाँ हुई–

- वर्ष 1526– (पानीपत का प्रथम युद्ध)
- वर्ष 1556– (पानीपत का द्वितीय युद्ध)
- वर्ष 1761– (पानीपत का तृतीय युद्ध)

**123. पानीपत की पहली लड़ाई किनके सेनाओं के बीच हुई?**

(a) अकबर और हेमू

(b) अब्दाली और मराठा

(c) हुमायूँ और शेरशाह सूरी

(d) बाबर और इब्राहिम लोदी

**DSSSB-पैरामेडिकल अधिकार भर्ती (25-05-2014)**

**Ans. (d)** पानीपत की पहली लड़ाई 21 अप्रैल, 1526 ई. को मुगल वंश के संस्थापक बाबर तथा दिल्ली सल्तनत के अन्तिम सुल्तान इब्राहिम लोदी के बीच हुई थी, जिसमें लोदी पराजित हुआ। बाबर ने इस युद्ध में उजबेकों की 'तुलगमा युद्ध पद्धति' का भारत में पहली बार प्रयोग किया। इस युद्ध के पश्चात बाबर ने भारत में मुगल वंश की नींव डाली।

**124. भारत में मुगल साम्राज्य का अंतिम शासक कौन था?**

(a) अकबर–II (b) बहादुरशाह–II

(c) आलमगिर–II (d) शाहआलम–II

**DSSSB- हेड कांस्टेबल परीक्षा (29-06-2014)**

**Ans : (b)** भारत में मुगल साम्राज्य का अंतिम शासक बहादुरशाह II था जिसे बहादुरशाह जफर (1775–1862 ई.) भी कहा जाता था। बहादुरशाह II उर्दू के सुप्रसिद्ध शायर थे। उन्होंने वर्ष1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय सिपाहियों का नेतृत्व किया। युद्ध में हार के बाद अंग्रेजों ने उन्हें बर्मा (म्यांमार) भेज दिया जहाँ उनकी मृत्यु हुई।

**125. निम्नलिखित में से कौन अकबर के दरबार का नवरत्न नहीं था?**

(a) तानसेन (b) राजा भारमल

(c) बीरबल (d) राजा मानसिंह

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (29-12-2013)**

**Ans : (b)** अकबर का जन्म 1542 ई० में हुमायूँ के प्रवास काल के दौरान, अमरकोट में हुआ था। अकबर का राज्याभिषेक 1556 ई0 में हुआ। अकबर के नवरत्नों में राजा भारमल शामिल नहीं थे। अकबर के प्रमुख नवरत्न –
1. बीरबल 2. अबुल फजल 3. तानसेन 4. अब्दुर्रहीम खान-ए-खाना 5. मानसिंह 6. राजा टोडरमल 7. फैजी 8. फकीर अजियोद्दीन 9. मुल्ला दो प्याजा।

**126. मुगल व राजपूतों के बीच खानवा का युद्ध कब हुआ?**

(a) 1526 (b) 1527

(c) 1568 (d) 1519

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (25-08-2013)**

**Ans : (b)** खानवा का युद्ध 17 मार्च, 1527 ई० को बाबर एवं मेवाड़ के राणा साँगा के मध्य लड़ा गया। इस युद्ध में बाबर ने मुसलमानों को 'तमगा कर' से मुक्त कर दिया तथा राणा साँगा के विरुद्ध 'जिहाद' का नारा दिया। खानवा का युद्ध जीतने के बाद बाबर ने 'गाजी' की उपाधि धारण की।

**127. हुमायूँ का मकबरा इनके द्वारा बनवाया गया था–**

(a) बू हातिमा (b) नूरजहाँ

(c) हाजी बेगम (d) अकबर

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (02-02-2014)**

**Ans : (c)** हुमायूँ की मृत्यु 1556 ई. में पुस्तकालय की सीढ़ियों से गिरने के कारण हुई। इसकी पत्नी बेगा बेगम (हाजी बेगम) ने 1569-1570 ई. में दिल्ली (दीनपनाह) में मकबरे का निर्माण करवाया। यह मकबरा पर्शियन, तुर्की तथा भारतीय संस्कृति से प्रभावित था, जिसके वास्तुकार मीरक मिर्जा गियास थे।

**128. जहाँपनाह, जिसे दिल्ली का चौथा मध्यकालीन नगर कहा जाता है, ........ द्वारा स्थापित किया गया था।**

(a) हुमायूँ

(b) अलाउद्दीन खिलजी

(c) शेरशाह सूरी

(d) मोहम्मद बिन तुगलक

**DSSSB- Forest Gaurd Exam. (28-09-2014)**

**Ans : (d)** दिल्ली स्थित जहाँपनाह नगर जिसे दिल्ली का चौथा मध्यकालीन नगर कहा जाता है, मुहम्मद बिन तुगलक द्वारा स्थापित किया गया था। जहाँपनाह नगर की सीमा पिथौरागढ़ और खीरी दोनों के परकोटों को मिलाकर बनायी गयी थी। इसका दूसरा नाम विजय-मंडल था।

**129. मनसबदारी प्रथा किसके द्वारा लागू की गई थी?**

(a) अकबर (b) शाहजहाँ

(c) जहाँगीर (d) बाबर

**DSSSB- LDC (30-08-2015)**

**Ans. (a)** अकबर ने सर्वप्रथम मनसबदारी प्रथा का आरम्भ अपने शासनकाल के 11वें वर्ष में किया, इस प्रथा को अकबर ने मध्य एशिया के मंगोलों से ग्रहण किया था। इस प्रथा के अन्तर्गत सैनिकों को जात (ओहदा) या रैंक और सवार (घुड़सवार सेना की संख्या) नामक पद का निर्धारण किया गया।

**130. बीबी का मकबरा भारत में कहाँ स्थित है?**

(a) फतेहपुर सीकरी
(b) औरंगाबाद
(c) हैदराबाद
(d) जौनपुर

**DSSSB-वेलफेयर ऑफिसर परीक्षा (22-06-2014)**

**Ans : (b)** 'बीबी का मकबरा' महाराष्ट्र के औरंगाबाद में स्थित है। यह मकबरा औरंगजेब की पत्नी 'दिलरास बानो बेगम' की याद में निर्मित है। यह 'दक्कन के ताज' के नाम से भी प्रसिद्ध है। इसका निर्माण आजमशाह ने अपनी माँ की स्मृति (1651–1661 ई.) में करवाया।

**131. फतवा-ए-आलमगिरी, मुस्लिम कानूनों का एक संग्रह निम्नलिखित में से किस राजा के शासनकाल में लिखा गया था?**

(a) औरंगजेब (b) नादिर शाह
(c) फिरोज शाह तुगलक (d) टीपू सुल्तान

**NVS-PGT (13-06-2019)**

**Ans. (a)** फतवा-ए-आलमगिरी, मुस्लिम कानूनों का एक संग्रह है जो मुगल शासक औरंगजेब के शासनकाल में लिखा गया था। इसमें स्पष्ट वर्णित किया गया है कि मुसलमानों के लिए 'जिहाद' सबसे पवित्र कार्य है।

**132. खानवा में बाबर ने राणा सांगा को किस वर्ष में हराया था?**

(a) 1527 (b) 1526
(c) 1528 (d) 1529

**DSSSB PRT 16/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** बाबर द्वारा लड़े गये प्रमुख युद्ध-

| युद्ध | वर्ष | पक्ष | परिणाम |
|---|---|---|---|
| पानीपत का प्रथम युद्ध | 21 अप्रैल, 1526 ई. | इब्राहिम लोदी व बाबर | बाबर विजयी |
| खानवा का युद्ध | मार्च, 1527 ई. | राणा साँगा एवं बाबर | बाबर विजयी |
| चन्देरी का युद्ध | जून, 1528 ई. | मेदनी राय एवं बाबर | बाबर विजयी |
| घाघरा का युद्ध | मई, 1529 ई. | अफगानों एवं बाबर | बाबर विजयी |

**133. पानीपत का द्वितीय युद्ध किस वर्ष में लड़ा गया था?**

(a) 1556 (b) 1526
(c) 1536 (d) 1555

**DSSSB PRT 27/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** 5 नवंबर, 1556 ई. को उत्तर भारत के हिंदू सम्राट हेमू और मुगल सम्राट अकबर की सेनाओं के बीच पानीपत की दूसरी लड़ाई लड़ी गई थी। इस युद्ध में अकबर विजयी हुआ। अकबर के सेनापति खान जमान और बैरम खाँ के लिए यह एक निर्णायक जीत थी।

- हेमू बाइस लडाइयाँ लड़ चुका था और उसमें से एक में भी हार का सामना नही करना पड़ा था, इसलिए आदिल शाह ने उसे 'विक्रमादित्य' की उपाधि प्रदान की।

**134. किस वर्ष शेर खान ने हुमायूँ को चौसा में हराया था ?**

(a) 1539 (b) 1540
(c) 1542 (d) 1541

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** चौसा का युद्ध 25 जून, 1539 ई. में गंगा नदी के उत्तरी तट पर शेर खाँ और मुगल बादशाह हुमायूँ के मध्य हुआ। इस युद्ध में हुमायूँ पराजित हुआ तथा गंगा नदी में कूद गया और उसकी जान एक निजाम नामक भिश्ती ने बचाई। शेरखाँ विजयी रहा तथा 'शेरशाह' की उपाधि धारण किया तथा अपने नाम का खुतबा पढ़वाया और सिक्के भी चलवाये।

## (iii) आधुनिक इतिहास (Modern History)

**135. टीपू सुल्तान किस वर्ष मैसूर के शासक बने थे?**

(a) 1792 (b) 1772
(c) 1762 (d) 1782

**DSSSB PRT 23/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** हैदर अली और अंग्रेजों के मध्य 1781 ई. में हुए पोर्टनोवा के युद्ध में हैदर अली की मृत्यु हो जाने के पश्चात मैसूर के शासक टीपू सुल्तान वर्ष 1782 में शासक बनें। चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध (1799ई.) मैसूर शासक टीपू सुल्तान और अंग्रेज सेनानायक वेलजली के मध्य हुआ, जिसमें टीपू सुल्तान की मृत्यु हो गयी। इस युद्ध के पश्चात वेलेजली ने कहा कि ''अब पूरब का साम्राज्य हमारे कदमों में है।''

**136. पहला आंग्ल-मैसूर युद्ध (1767-1769) किसके बीच लड़ा गया?**

(a) हैदर अली और अंग्रेजो के बीच
(b) टीपू सुल्तान और मराठों के बीच
(c) हैदर अली और पुर्तगालियों के बीच
(d) टीपू सुल्तान और फ्रांसीसियों के बीच

**NVS PGT 18/09/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध (1767-1769 ई.) हैदर अली और अंग्रेजों के बीच हुआ था। इस युद्ध का मुख्य कारण हैदर अली का फ्रांसिसियों के साथ मैत्री संबंध था। इस युद्ध में मराठे और निजाम सर्वप्रथम अंग्रेजों की तरफ से त्रिगुट का निर्माण करते है जिसे हैदर अली अंग कर देता और निजाम को अपनी तरफ मिला लेता है। युद्ध का समापन 1769 ई. में मद्रास की संधि के तहत हुआ। इस संधि की शर्तें हैदर अली के पक्ष में थी।

**137. किसे प्रसिद्द रूप से मैसूर का बाघ कहा जाता है?**

(a) शेख़ मोहम्मद अब्दुल्ला

(b) बाजीराव।

(c) टीपू सुल्तान

(d) आसफ जाह।

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** नवंबर, 1750 ई. में जन्में टीपू सुल्तान, हैदर अली के पुत्र और एक महान योद्धा थे, जिन्हें 'मैसूर के बाघ' के रुप में भी जाना जाता है। टीपू सुल्तान ने अपने शासनकाल के दौरान कई प्रशासनिक नवाचारों की शुरूआत की, जिसमें उनके द्वारा शुरू किये गए सिक्के, एक नया सौर कैलेंडर और एक नई भूमि राजस्व प्रणाली शामिल थी, जिसने मैसूर रेशम उद्योग के विकास की शुरूआत की।

**138. ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना किस वर्ष में हुई थी?**

(a) 1600 (b) 1200

(c) 1800 (d) 1500

**DSSSB PRT 25/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना 1600 ई. में हुई थी। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ प्रथम द्वारा 31 दिसम्बर, 1600 ई. को एक आज्ञा पत्र द्वारा पूर्वी देशों के साथ व्यापार करने के लिए 15 सालों तक की छूट दी गई। ईस्ट इण्डिया कंपनी भारत में व्यापार करने आई और कालान्तर में कम्पनी ने भारत के लगभग सभी क्षेत्रों पर अपना सैनिक तथा प्रशासनिक अधिपत्य स्थापित कर लिया।

**139. भारत में अंग्रेजों के लिए फ्रांसीसी चुनौती निम्नलिखित में से किस युद्ध के बाद समाप्त हो गई?**

(a) प्लासी का युद्ध (b) बक्सर का युद्ध

(c) वांडीवाश का युद्ध (d) श्रीरंगपत्तनम का युद्ध

**DSSSB-वेलफेयर ऑफिसर परीक्षा (22-06-2014)**

**Ans : (c)** वांडीवाश के युद्ध के पश्चात भारत में फ्रांसीसियों की राजनीतिक शक्ति समाप्त हो गयी। वांडीवाश का युद्ध वर्ष 1760 में अंग्रेजों और फ्रांसीसियों के मध्य लड़ा गया। इस युद्ध में हार के कारण फ्रांसीसियों को पाण्डिचेरी (वर्तमान पुडुचेरी) अंग्रेजों को सौपना पड़ा। यह युद्ध आयरकूट (अंग्रेजों) एवं काउंट लाली (फ्रांसीसी) के मध्य लड़ा गया।

**140. वास्को डी गामा भारत किस वर्ष आये थे?**

(a) 1470 (b) 1445

(c) 1498 (d) 1450

**DSSSB PRT 25/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** पुर्तगाली नाविक 'वास्को-डी-गामा' भारत में 17 मई, 1498 ई. को केरल के कोझीकोड जिले के कालीकट (कप्पकडानू गांव) तट पहुंचा था।

**141. कौन से मुगल सम्राट के शासनकाल में अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में अपनी पहली फैक्टरी स्थापित की ?**

(a) अकबर (b) जहाँगीर

(c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

**DSSSB- Forest Gaurd Exam. (28-09-2014)**

**Ans : (b)** ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना 1600 ई. में हुई थी। उस समय भारत का शासक अकबर (1556–1605 ई.) था। ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने भारत में अपनी पहली फैक्ट्री 1613 ई. में मुगल सम्राट जहाँगीर के शासनकाल में सूरत में स्थापित की।

**142. प्लासी के युद्ध में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की ओर से अंग्रेजों का नेतृत्व किसने किया था?**

(a) चार्ल्स स्टुअर्ट (b) वारेन हेस्टिंगस

(c) रॉबर्ट क्लाइव (d) जेम्स लैंकेस्टर

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** प्लासी का युद्ध 23 जून, 1757 ई. में बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला और रॉबर्ट क्लाइव के बीच हुआ था। इस युद्ध में क्लावइ की जीत हुई और मीर जाफर को बंगाल की गद्दी पर बिठाया गया। प्लासी का युद्ध भारत के निर्णायक युद्धों में से एक था। इस युद्ध में क्लाइव की विजय नवाब के विश्वास पात्रों के विश्वासघात का परिणाम था।

**143. 1757 में प्लासी की लड़ाई ने बंगाल के किस नवाब को ब्रिटिश सेना ने हराया था?**

(a) मीर जाफर (b) सरफराज खान

(c) सिराज-उद-दौला (d) मीर कॉसिम

**NVS PGT 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** प्लासी का युद्ध 23 जून, 1757 ई. को बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला और अंग्रेज गवर्नर राबर्ट क्लाइव के मध्य हुआ था। इस युद्ध में सिराजुद्दौला पराजित हुआ था। इसका मुख्य कारण है कि सिराजुद्दौला का सेनापति मीरजाफर ने गद्दी के लालच में विश्वासघात किया और अग्रेंजों से मिल गया था। इस युद्ध में दो वफादार सेनानायक मीरमदान और मोहनलाल थे, मीर मदान की युद्ध स्थल में मृत्यु हो गयी थी। नवाब की हत्या मीरजाफर के पुत्र मीरन ने मोहम्मद बेग द्वारा करवा दी ।

**144. कुख्यात विश्वासघाती 'मीर जाफर' किस युद्ध से संबंधित है?**

(a) हल्दीघाटी (b) प्लासी

(c) पानीपत (d) बक्सर

**DSSSB- Grade-III Exam. (24-09-2017)**

**Ans : (b)** प्लासी का युद्ध 23 जून, 1757 ई. को अंग्रेजों तथा बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के मध्य भागीरथी नदी के किनारे 'प्लासी' नामक स्थान पर लड़ा गया। सिराजुद्दौला की सेना में जहाँ एक ओर मीर मदान व मोहनलाल जैसे देशभक्त थे वहीं दूसरी ओर मीर जाफर जैसे विश्वासघाती भी थे। इस युद्ध में मीर मदान मारा गया तथा रॉबर्ट क्लाइव विजयी बना। फलस्वरूप मीरजाफ़र को बंगाल का नवाब बनाया गया।

**145. निम्नलिखित में से किस वायसराय ने ब्रिटिश व्यापारियों के लिए कपास पर कर समाप्त कर दिया था?**

(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड डफरिन

(c) लॉर्ड कर्जन (d) लॉर्ड लिटन

**DSSSB PRT 29/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** लार्ड लिटन (1876 – 1880 ई.) के कार्यकाल में कुछ महत्वपूर्ण कार्य -
- वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट, 1878 ई.
- आर्म्स एक्ट, 1878 ई.
- भयंकर अकाल की उपेक्षा की और दरबार का आयोजन किया। जिसमें महारानी विक्टोरिया को ''भारत की साम्राज्ञी'' घोषित किया गया।
- ब्रिटिश व्यापारियों के लिए आयतित कपास पर कर समाप्त कर दिया।
- सिविल सेवा परीक्षा देने के लिए अधिकतम आयु 21 से घटाकर 19 कर दी गई थी।

**146. पंद्रहवीं शताब्दी के दौरान सभी विदेशी कंपनियाँ एक जैसी चीजों को खरीदने में रुचि रखती थीं, जैसे कि भारत में तैयार किया जाने वाला उत्कृष्ट गुणवत्ता वाला _____जिसका यूरोप में बड़ा बाजार था, इसके अलावा काली मिर्च, लौंग, इलायची और दालचीनी की भी बहुत मांग थी।**

(a) ऊन (b) सन (फ्लैक्स)
(c) जूट (d) कपास और रेशम

**NVS PGT 17/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** पंद्रहवीं शताब्दी के दौरान सभी यूरोपीय कंपनियाँ एक जैसी वस्तु खरीदने में रुचि ज्यादा रखते थे, क्योंकि वे वस्तुएं भारत में सस्ती और अच्छी गुणवत्ता वाली होती थी। इन वस्तुओं को ले जाकर यूरोपीय कंपनियाँ अधिक मुनाफा कमाती थी तथा यहाँ से प्राप्त कच्चे माल को एक नया उत्पाद बनाकर भारत जैसे बड़े बाजार में बेचती थी, जिससे उनको अधिक लाभ प्राप्त होता था। यह वस्तुएँ थी- कपास, रेशम, काली मिर्च, लौंग, इलायची, दालचीनी आदि।

**147. निम्नलिखित में से किसने अंग्रेजों के विरुद्ध हुए 1857 के क्रांति में हिस्सा नहीं लिया था?**

(a) तात्या टोपे
(b) टीपू सुल्तान
(c) रानी लक्ष्मीबाई
(d) नाना साहेब

**DSSSB-वेलफेयर ऑफिसर परीक्षा (22-06-2014)**

**Ans : (b)** 1857 की क्रांति की शुरूआत 10 मई, 1857 ई0 को मेरठ से हुई। इस क्रांति में कई भारतीय क्रान्तिकारी शामिल हुए। नाना साहेब और तात्या टोपे ने कानपुर से 5 जून, 1857 ई. को इस क्रांति में भागीदारी की। रानी लक्ष्मीबाई झाँसी से इस विद्रोह में सम्मलित हुई जबकि लियाकत अली इलाहाबाद से सम्मलित हुए। टीपू सुल्तान चतुर्थ आंग्ल–मैसूर युद्ध (1799 ई.) में पराजित हुए और इनकी मृत्यु हो गयी थी।

**148. 1857 में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, ब्रिटिश सरकार ने दृढ़कृत दिल्ली शहर को जब्त कर लिया। सितम्बर 1857 में उन्होंने शहर के एक दरवाजे को जला दिया और दिल्ली में प्रवेश किया। वह कौन सा दरवाजा था?**

(a) लाहौरी दरवाजा (b) कश्मीरी दरवाजा
(c) तुर्कमान दरवाजा (d) दिल्ली दरवाजा

**DSSSB- TGT/PGT Computer Science (21-06-2017)**

**Ans.(b):** कश्मीरी दरवाजा दिल्ली में स्थित है। इसका मुख उत्तर दिशा (कश्मीर) की तरफ होने के कारण इसे कश्मीरी दरवाजा कहा गया। इसका निर्माण रॉबर्ट स्मिथ द्वारा वर्ष 1835 में किया गया था। अंग्रेजों द्वारा इसे 1857 ई0 में जला दिया गया था।

**149. निम्नलिखित में से किस वर्ग ने 1857 के सिपाही विद्रोह में भाग नहीं लिया था?**

(a) खेतिहर मजदूर (b) साहूकार
(c) किसान (d) जमींदार

**DSSSB मोटर वाहन इंस्पेक्टर (28-12-2014)**

**Ans. (b/d) :**1857 का सिपाही विद्रोह उत्तरी और मध्य भारत में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध उभरे सैन्य असंतोष व जन-विद्रोह का परिणाम था। इस विद्रोह का मुख्य कारण सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक आदि कारणों का सम्मिलित परिणाम था। 1857 के सिपाही विद्रोह में शामिल प्रमुख व्यक्तित्व-
1. नाना साहब (कानपुर)
2. तात्या टोपे (कानपुर)
3. महारानी लक्ष्मीबाई (झांसी)
4. बाबू कुंवर सिंह (जगदीशपुर)
5. बेगम हजरत महल (लखनऊ)
6. रानी अवंती बाई (मंडला, म.प्र.)

1857 के विद्रोह की विफलता के कारण–
- भारत में एकता के अभाव के कारण विद्रोहियों को शिक्षित भारतीयों का सहयोग नहीं मिला।
- विद्रोहियों को कुशल व सुयोग्य नेतृत्व नहीं मिला।
- भारतीय जमींदार, साहूकार विद्रोह में तटस्थ रहकर ईस्ट इण्डिया कम्पनी का सहयोग किया।

**150. दिल्ली के नजदीक, किस ऐतिहासिक साइट पर, 8 जून, 1857 को भारतीय सिपाहियों को हार मिली थी?**

(a) बदली की सराय
(b) इलाहाबाद
(c) आलमबाग
(d) खास बाजार

**DSSSB- DASS (29-03-2015)**

**Ans. (a) :** दिल्ली के नजदीक, बदली की सराय नामक ऐतिहासिक स्थान है जहाँ पर 8 जून, 1857 ई. को भारतीय सिपाहियों को हार मिली थी।

**151. 1893 में स्वामी विवेकानंद ने विश्व धर्म संसद में अपना प्रसिद्ध भाषण किस शहर में दिया था?**

(a) शिकागो
(b) सैन फ्रांसिस्को
(c) लॉस एंजिल्स
(d) वाशिंगटन

**NVS PGT 17/09/2019 (Shift-II)**

**Ans.(a):** स्वामी विवेकानंद ने 11 सितम्बर, 1893 ई. को अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लिया था। यहाँ उन्होने सभी धर्मों के एकता के विषय में कहा था। वर्ष 1896 में इन्होंने न्यूयार्क में 'वेदांत सोसाइटी' की स्थापना भारतीय धर्म एवं दर्शन के प्रचार के लिए की। वर्ष 1897 ई. में स्वामी विवेकानंद ने 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना की।

**152. निम्नलिखित का मिलान करें :**

| सूची - A | सूची - B |
|---|---|
| i. राजा राममोहन राय | a. आर्य समाज |
| ii. महादेव गोविन्द रानाडे | b. प्रार्थना समाज |
| iii. दयानंद सरस्वती | c. ब्रह्म समाज |
| iv. स्वामी विवेकानंद | d. रामकृष्ण मिशन |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (a) | a | c | b | d |
| (b) | d | b | a | c |
| (c) | c | b | a | d |
| (d) | a | d | b | c |

**NVS-TGT-PGT (2016)**

**Ans. (c)** सही सुमेलन इस प्रकार है–

| सूची- A | | सूची- B |
|---|---|---|
| राजा राममोहन राय | – | ब्रह्म समाज (1828 ई.) |
| महादेव गोविन्द रानाडे | – | प्रार्थना समाज (1867 ई.) |
| दयानन्द सरस्वती | – | आर्य समाज (1875 ई.) |
| स्वामी विवेकानन्द | – | रामकृष्ण मिशन (1897 ई.) |

**153. नील विद्रोह, एक कृषक आंदोलन, बंगाल, भारत में कब शुरू हुआ?**

(a) 1889 (b) 1861
(c) 1857 (d) 1859

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए यूरोपीय बागान मालिकों ने किसानों को खाद्य फसलों के बजाय नील की खेती करने के लिये बाध्य किया, परिणामस्वरूप वर्ष 1859 में बंगाल के किसानों द्वारा नील बागान के मालिकों के विरूद्ध एक विद्रोह किया जिसे नील विद्रोह के नाम से जाना जाता हैं।

• बंगाली लेखक और नाटककार दीनबंधु मित्रा ने अपने नाटक 'नील दर्पण' में नील की खेती करने वाले किसानों के प्रति होने वाले व्यवहार का वर्णन किया है।

**154. चितरंजन दास सुभाष चंद्र बोस के .......... थे।**

(a) आध्यात्मिक गुरू (b) ज्येष्ठ भाई
(c) राजनीतिक उपदेशक/गुरु (d) घनिष्ट मित्र

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 ई. को ओडिशा के कटक शहर में हुआ था। ये एक उग्र राष्ट्रवादी थे। बोस विवेकानंद की शिक्षाओं से अत्यधिक प्रभावित थे और उन्हें अपना आध्यात्मिक गुरू मानते थे जबकि चितरंजन दास उनके राजनीतिक गुरू थे। बोस ने वर्ष 1938 (हरिपुरा) तथा वर्ष 1939 (त्रिपुरी) के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।

**155. पिट्स का भारत अधिनियम किस वर्ष में पारित किया था?**

(a) 1819 (b) 1784
(c) 1857 (d) 1901

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** पिट्स इंडिया एक्ट सन् 1784 में पारित किया गया था। इसका नाम ब्रिटिश प्रधानमंत्री विलियम पिट के नाम पर रखा गया था। यह कंपनी के वाणिज्यिक और राजनीतिक कार्यो के बीच अंतर करता था।

**156. किस वर्ष महात्मा गाँधी द्वारा असहयोग आंदोलन को बंद कर दिया गया था ?**

(a) 1919 (b) 1921
(c) 1920 (d) 1922

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** गाँधीजी ने असहयोग आन्दोलन 1 अगस्त, 1920 को आरम्भ किया। इस आन्दोलन में मुस्लिम नेताओं ने भी उनका साथ दिया। असहयोग आन्दोलन चलाने के लिए ''तिलक स्वराज फण्ड'' की स्थापना की गयी तथा छः माह में ही इसमें ₹1 करोड़ एकत्रित हो गए। 4 फरवरी, 1922 ई. में हुए चौरी –चौरा काण्ड के पश्चात गाँधी जी ने 12 फरवरी, 1922 को बारदोली में कांग्रेस समिति की बैठक बुलाकर इस आन्दोलन को स्थगित कर दिया।

**157. 1887 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष कौन थे?**

(a) गोपाल कृष्ण गोखले
(b) दादाभाई नौरोजी
(c) बदरुद्दीन तैयबजी
(d) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

**DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** वर्ष 1887 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बदरूद्दीन तैय्यबाजी थे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस स्वतंत्र भारत का प्रमुख राजनीतिक दल है और इसकी स्थापना स्वतंत्रता से पूर्व वर्ष 1885 में हुई थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष, दल के चुने हुए प्रमुख होते है जो आम जनता के साथ दल के रिश्ते को प्रबंधित करने के लिए जिम्मेदार होते है।

**158. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कहाँ आयोजित किया गया था?**

(a) असम
(b) लखनऊ
(c) दिल्ली
(d) बॉम्बे

**DSSSB PRT 25/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस की स्थापना और उसका प्रथम अधिवेशन 72 प्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ 28 दिसम्बर, 1885 ई. को बम्बई (मुंबई) के गोकुल दास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई थी। इसके संस्थापक महा सचिव (जनरल सेक्रेटरी) ए. ओ. ह्यूम थे।

**159. सुभाष चंद्र बोस निम्नलिखित में से किस सत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में चुने गए थे?**

(a) त्रिपुरी सत्र
(b) रामगढ़ सत्र
(c) बेलगाम सत्र
(d) कराची सत्र

**DSSSB PRT 29/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** कांग्रेस का त्रिपुरी (जबलपुर, म.प्र.) अधिवेशन 1939 ई. में सम्पन्न हुआ। कांग्रेस के त्रिपुरी अधिवेशन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को अध्यक्ष चुना गया था। उन्होंने महात्मा गाँधी के प्रतिनिधि पट्टाभि सीतारमैया को 203 वोटों से हराकर दूसरी बार कांग्रेस का अध्यक्ष पद हासिल किया। पहली बार सुभाष चंद्र बोस कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन (1938 ई.) में अध्यक्ष बने थे। 1939 ई. में इनहोंने फारवर्ड ब्लॉक नामक संस्था का सृजन किया था।

**160. खुदाई खिदमतगार संगठन के संस्थापक कौन थे?**

(a) जवाहरलाल नेहरु
(b) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी
(c) खान अब्दुल गफ्फार खान
(d) सरदार वल्लभभाई पटेल

**DSSSB PRT 16/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** खान अब्दुल गफ्फार खान ने वर्ष 1929 में खुदाई खिदमतगार (सर्वेंट ऑफ गॉड) आंदोलन की शुरूआत की। यह आंदोलन गांधीजी के अहिंसात्मक आंदोलन से प्रेरित था। वर्ष 1929 में अब्दुल गफ़्फ़ार खान की गिरफ्तारी के बाद यह आन्दोलन ऑल इंडिया मुस्लिम लीग से समर्थन प्राप्त करने में विफल रहा, जिसके बाद यह आंदोलन औपचारिक रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गया था।

**161. सविनय अवज्ञा आंदोलन किस वर्ष शुरु किया गया था ?**

(a) 1927　　(b) 1932
(c) 1930　　(d) 1925

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** महात्मा गाँधी द्वारा लार्ड इरविन के समक्ष 11 सूत्री मांगों की पूर्ती के लिए लिखे गए पत्र पर कोई जवाब न देने पर 4 फरवरी 1930 ई. को साबरमती में सविनय अवज्ञा आन्दोलन करने की घोषणा की। गांधीजी ने उस आन्दोलन के दौरान अहिंसात्मक ढंग से सरकार के प्रति असहयोग का रवैया अपनाया।

**162. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन थी ?**

(a) सुचेता कृपलानी
(b) सरोजिनी नायडू
(c) एनी बेसेंट
(d) अरुणा आसफ अली

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनने वाली प्रथम भारतीय महिला सरोजनी नायडू थी। यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 40वाँ अधिवेशन था, जो 26-28 दिसम्बर, 1925 ई. में कानपुर में हुआ था। इस अधिवेशन में हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में इस्तेमाल किया गया। इस अधिवेशन में कांग्रेस के एक प्रमुख नेता हसरत मोहानी ने पहली बार ''पूर्ण स्वराज'' का प्रस्ताव रखा परन्तु पारित न हो सका। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनने वाली प्रथम महिला एनी बेंसेट थी, जो 1917 ई. में कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्ष थी। यह कांग्रेस का 32वाँ अधिवेशन था।

**163. स्वदेशी आंदोलन औपचारिक रूप से कहाँ से शुरू हुआ था?**

(a) दिल्ली　　(b) कलकत्ता
(c) पंजाब　　(d) महाराष्ट्र

**DSSSB PRT 27/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** 7 अगस्त, 1905 को कलकत्ता के टाउनहॉल में एक विशाल बैठक आयोजित की गई जिसमें स्वदेशी आंदोलन की औपचारिक घोषणा की गई।
• लॉर्ड कर्जन के बंगाल प्रांत को विभाजित करने के फैसले का विरोध करने के लिए यह आन्दोलन शुरू किया गया था। हालॉकि यह आंदोलन मुख्य रूप से बंगाल तक सीमित था, लेकिन भारत के कुछ अलग-अलग हिस्सों में भी इसका प्रसार देखा गया।

**164. भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान ब्रिटिश संसद सदस्य बनने वाले पहले भारतीय कौन थे?**

(a) आचार्य जे.बी. कृपलानी　　(b) गोपाल कृष्ण गोखले
(c) दादाभाई नौरोजी　　(d) सी. राजगोपालचारी

**NVS PGT 17/09/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जुलाई, 1892 में दादाभाई नौरोजी लिबरल पार्टी की ओर से ब्रिटिश संसद के लिए चुने जाने वाले पहले भारतीय थे। वह 'हाउस ऑफ कामन्स' के सदस्य बनने वाले पहले भारतीय थे। दादाभाई नौरोजी को 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता था। इन्होंने लंदन में, 'लंदन इंडियन सोसाइटी' और 'ईस्ट इंडिया एसोसिएशन' की स्थापना की थी।

**165. उस ब्रिटिश प्रधानमंत्री का नाम बताइए जिसने वर्ष 1932 में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सांप्रदायिक पंचाट की घोषणा की थी ?**

(a) डेविड लॉयड जॉर्ज　　(b) एंड्रयू बोनर लॉ
(c) हरबर्ट हेनरी एसक्विथ　　(d) जेम्स रैम्जे मैक्डोनाल्ड

**NVS PGT 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** ब्रिटिश प्रधानमंत्री 'रैम्जे मैकडोनाल्ड ने 16 अगस्त, 1932 ई. को विभिन्न संप्रदायों के प्रतिनिधित्व के विषय पर एक पंचाट जारी किया, जिसे 'सांप्रदायिक (कम्युनल) पंचार, कहा गया। इसके तहत प्रत्येक अल्पसंख्यक समुदाय के लिये विधानमंडलों में कुछ सीटें सुरक्षित रखी गई, जिनके सदस्यों का चुनाव पृथक् निर्वाचक मण्डलों द्वारा किया जाना था। मुस्लिम, सिक्ख व ईसाई के साथ ही इस नए पंचाट में दलित वर्ग को भी अल्पसंख्यक मानकर हिन्दुओं से अलग कर दिया गया।

**166. निम्नलिखित स्वतंत्रता सेनानियों में से कौन 'भारत के ग्रैंड ओल्ड मैन' के रूप में जाना जाता है ?**

(a) बदरूद्दीन तैयबजी (b) चितरंजन दास
(c) दादाभाई नौरोजी (d) मोतीलाल नेहरू

**NVS PGT 19/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** दादाभाई नौरोजी को भारत के 'ग्रैंड ओल्डमैन' के रूप में भी जाना जाता है। दादाभाई नौरोजी ब्रिटिश संसद के लिए चुने जाने वाले पहले भारतीय थे। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की तीन बार (1886, 1893 और 1906) अध्यक्षता की थी। इनके द्वारा लिखी पुस्तक ''पॉवर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया'' थी। इन्होंने 'ड्रेन थ्योरी का सिद्धांत' भी दिया था।

**167. वर्ष 1930 में भारत की स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, चटगाँव शस्त्रागार पर आक्रमण करने वाले नेता कौन थे?**

(a) सूर्य सेन (b) रासबिहारी बोस
(c) अंबिका चक्रवर्ती (d) बिनॉय बसु

**NVS PGT 19/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** सूर्यसेन ने अन्य क्रांतिकारियों के साथ मिलकर भारतीय सेना की वर्दी पहनकर पुलिस शस्त्रागार पर 18 अप्रैल, 1930 ई. में हमला कर दिया। यही घटना चटगाँव आर्मरी रेड के नाम से मशहूर हुई। 16 फरवरी, 1933 ई. में सूर्यसेन को गिरफ्तार कर लिया गया तथा 12 जनवरी, 1934 ई. को फाँसी दे दी गयी। सूर्यसेन को 'मास्टर दा' के नाम से भी जाना जाता था।

**168. सन् 1918 में महात्मा गाँधी का अनुसरण करते हुए 'खेड़ा सत्याग्रह' का प्रारंभ किसने किया था?**

(a) कारखानों के कर्मचारी (b) कारखानों के मालिक
(c) जमींदार (d) किसान

**KVS Principal 2016**

**Ans. (d) :** वर्ष 1918 के भीषण दुर्भिक्ष के कारण गुजरात के खेड़ा जिले में पूरी फसल बर्बाद हो गयी। सरकार ने फिर भी किसानों से मालगुजारी वसूल करने की प्रक्रिया जारी रखी। खेड़ा जिले के युवा अधिवक्ता वल्लभभाई पटेल, इंदुलाल याग्निक तथा कई अन्य युवाओं ने गाँधीजी के साथ खेड़ा के गाँवों का दौरा प्रारम्भ किया। इन्होंने किसानों को लगान न अदा करने की शपथ दिलायी। यह आंदोलन सफल रहा।

**169. वह पहला भारतीय कौन था जिस का ब्रिटिश संसद में चयन किया गया था :**

(a) दादाभाई नौरोजी (b) जी.के. गोखले
(c) विपिन चन्द्र पाल (d) लाला लाजपत राय

**KVS TGT (Social Studies) 2013**

**Ans. (a) :** दादाभाई नौरोजी वर्ष 1892 में हुए ब्रिटेन के आम चुनावों में फिन्सबरी सेंट्रल से लिबरल पार्टी के लिए चुने गए। यह पहले भारतीय थे जिनका ब्रिटिश संसद में चयन किया गया। दादाभाई नौरोजी तीन बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। इनको 'ग्रैंड ओल्डमैन ऑफ इण्डिया' के नाम से भी जाना जाता है।

**170. भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के किस नेता को 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' कहा जाता था?**

(a) लाला लाजपत राय
(b) बाल गंगाधर तिलक
(c) दादाभाई नौरोजी
(d) मौलाना अबुल कलाम आजाद

**NVS-PGT (13-06-2019)**

**Ans. (c) :** भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन को प्रेरित करने वाले और अंग्रेजों द्वारा भारतीयों के आर्थिक शोषण के बारे में सर्वप्रथम जानकारी प्रदान करने वाले भारत के वयोवृद्ध नेता दादाभाई नौरोजी थे। इन्हें 'ग्रैंड ओल्डमैन ऑफ इण्डिया' भी कहा जाता है। इन्होंने धन-निष्कासन का सिद्धांत "The theory of drain' का वर्णन अपनी पुस्तक "The Poverty and Un-British Rule in India" में किया है।

**171. 'डिप्रेस्ड क्लास एसोसिएशन' की स्थापना किसने की?**

(a) ज्योतिराव फुले (b) पेरियार
(c) महात्मा गाँधी (d) बी. आर् अंबेडकर

**NVS (2016)**

**Ans. (d) :** 'डिप्रेस्ड क्लास एसोसिएशन' की स्थापना डा. बी. आर् अंबेडकर ने 1930 ई. में नागपुर में की थी। कुछ अन्य महत्त्वपूर्ण संगठन एवं संस्थाएँ तथा उनके संस्थापक निम्न हैं।

| **संस्थाएँ** | **संस्थापक** |
|---|---|
| सत्यशोधक समाज (1873 ई.) | ज्योतिबा राव फूले |
| हरिजन सेवक संघ (1932 ई.) | महात्मा गाँधी |
| आर्य समाज (1875 ई.) | स्वामी दयानन्द सरस्वती |
| ब्रह्म समाज (1828 ई.) | राजा राममोहन राय |
| रामकृष्ण मिशन (1897 ई.) | स्वामी विवेकानन्द |
| शारदा सदन (1889 ई.) | रमाबाई |
| सर्वेट ऑफ इण्डिया सोसायटी (1905 ई.) | गोपाल कृष्ण गोखले |

**172. गाँधीजी द्वारा दांडी यात्रा प्रारम्भ की गई–**

(a) 30 मार्च, 1930 को
(b) 5 मई, 1930 को
(c) 12 मार्च, 1930 को
(d) 26 जनवरी, 1930 को

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (25-08-2013)**

**Ans : (c)** नमक सत्याग्रह के नाम से इतिहास में चर्चित दांडी यात्रा की शुरूआत 12 मार्च, 1930 ई0 को गांधीजी के नेतृत्व में हुई थी। यह यात्रा अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल, 1930 ई0 को दांडी में समाप्त हुई।

**173. जलियाँवाला बाग हत्याकांड वाले दिन लोग ब्रिटिश सरकार के किस कार्य का विरोध करने के लिए बाग में एकत्रित हुए थे?**

(a) पंजाब में मार्शल लॉ (b) साइमन कमीशन
(c) इल्बर्ट बिल (d) रॉलैट एक्ट

**DSSSB- Grade-III Exam. (24-09-2017)**

**Ans : (d)** 13 अप्रैल, 1919 ई. को भारत के पंजाब प्रान्त के अमृतसर के जलियाँवाला बाग में लोग रोलेट एक्ट तथा डॉ. सत्यपाल एवं सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए एकत्रित हुए थे, तभी जनरल डायर नामक एक अंग्रेज अधिकारी ने अकारण उस सभा पर गोलियाँ चलवा दी।

**174. सही कालानुक्रम दीजिए :**

**a. सामुदायिक अवॉर्ड**

**b. साइमन कमीशन**

**c. प्रथम गोलमेज सम्मेलन**

**d. गाँधी – इरविन समझौता**

(a) a, b, c, d (b) b, a, c, d
(c) b, c, a, d (d) b, c, d, a

**DSSSB- LDC (30-08-2015)**

**Ans. (d)**

| | | |
|---|---|---|
| • साइमन कमीशन | – | 1928 ई. |
| • प्रथम गोलमेज सम्मेलन | – | 1930 ई. |
| • गाँधी-इरविन समझौता | – | 1931 ई. |
| • सामुदायिक अवॉर्ड | – | 1932 ई. |

**175. निम्नलिखित में किसे महात्मा गाँधी ने ''ढहते हुए बैंक पर आहरित उत्तर दिनांकित चेक'' कहा है?**

(a) द्वितीय गोलमेज सम्मेलन
(b) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(c) क्रिप्स मिशन
(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

**DSSSB- Forest Gaurd Exam. (28-09-2014)**

**Ans : (c)** वर्ष 1942 में क्रिप्स मिशन भारत आया जिसमें कहा गया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद एक ऐसे भारतीय संघ के निर्माण का प्रयत्न किया जाए जिसे पूर्ण उपनिवेश का दर्जा प्राप्त हो तथा युद्ध के बाद एक संविधान निर्मात्री सभा के गठन की बात की गई। जिसे कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने अस्वीकार कर दिया।
क्रिप्स प्रस्तावों का एकमात्र क्रियाशील पहलू केन्द्र सरकार के गठन से संबंधित था जिसे सभी शक्तियाँ हस्तांतरित की जानी थी। लेकिन प्रतिरक्षा–विभाग पर ब्रिटिश सरकार का ही नियंत्रण बना था इसलिए महात्मा गाँधी ने इन प्रस्तावों को 'ढहते हुए बैंक पर आहरित उत्तर दिनांकित चेक' कहा।

**176. नई दिल्ली को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में ब्रिटिश द्वारा निर्मित किया गया था और ..... को भारत की राजधानी घोषित किया था।**

(a) 12.12.1911
(b) 12.12.1921
(c) 12.12.1901
(d) 12.12.1931

**DSSSB- DASS (29-03-2015)**

**Ans. (a)** दिल्ली को राजधानी बनाने का ऐलान 12 दिसम्बर, 1911 ई. को हुआ था। ब्रिटेन के राजा जार्ज पंचम के भारत आगमन के समय यह घोषणा की गई।

**177. मोतीलाल नेहरू और चितरंजन दास निम्न में से किसके संस्थापक सदस्य है?**

(a) स्वराज पार्टी (b) फॉरवर्ड ब्लॉक
(c) कांग्रेस पार्टी (d) इनमें से कोई नहीं

**DSSSB- हेड कांस्टेबल परीक्षा (29-06-2014)**

**Ans : (a)** मोतीलाल नेहरू और चितरंजन दास स्वराज पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। स्वराज पार्टी वह राजनीतिक दल था जिसका उदय स्वतंत्रता संग्राम के मध्य हुआ। यह दल भारतीयों की राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए कार्य कर रहा था। स्वराज का अर्थ है ''अपना राज्य''। इसी सन्दर्भ में मार्च, 1923 ई0 को चितरंजन दास, मोतीलाल नेहरू तथा उनके सहयोगियों ने इलाहाबाद में एक नई राजनीतिक पार्टी का गठन किया जिसे ''स्वराज पार्टी'' कहा गया जिसके अध्यक्ष सी.आर.दास तथा महासचिव मोती लाल नेहरू बनाये गए।

**178. निम्नलिखित में से कौन पोर्टब्लेयर, अंडमान की सेलुलर जेल का एक प्रसिद्ध निवासी था ?**

(a) लोकमान्य तिलक (b) महात्मा गाँधी
(c) दामोदर सावरकर (d) सुभाष चंद्र बोस

**DSSSB- TGT/PGT Computer Science (21-06-2017)**

**Ans : (c)** दामोदर सावरकर को क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण ब्रिटिश सरकार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया । इन्हें 1911 ई. में अंडमान एवं निकोबार द्वीप में स्थित सेलुलर जेल में कैद कर दिया गया। उनकी राजनैतिक पार्टी अखिल भारतीय हिन्दु महासभा थी। हिन्दुत्व की विचारधारा से प्रेरित सावरकर जी की मृत्यु वर्ष 1966 में मुंबई में हुई।

**179. भारत के पहले गवर्नर जनरल कौन थे?**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स (b) लार्ड कॉर्नवालिस
(c) लार्ड मिंटो (d) जॉन शोर

**DSSSB PRT 23/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a)** वारेन हेस्टिंग्स (1772 – 1785 ई.) बंगाल का अंतिम गवर्नर था। इसे भारत का प्रथम गवर्नर जनरल बनाया गया। इसने बंगाल में लार्ड क्लाइव द्वारा शुरू की गयी द्वैधशासन प्रणाली को समाप्त किया था। इसके शासनकाल में कलकत्ता में एक सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की गयी। भारत में न्यायिक सेवा का जन्मदाता वारेन हेस्टिंग्स को माना जाता है।

**180. निम्नलिखित में से किस गवर्नर जनरल ने टीपू सुल्तान के विरूद्ध तीन समझौते किए ?**

(a) वारेन हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड कार्नवालिस
(c) लॉर्ड वेलेजली (d) लॉर्ड विलियम बेंटिक

**DSSSB- Steno. Exam. (27-07-2014)**

**Ans : (b)** लार्ड कार्नवालिस और टीपू सुल्तान के बीच 1792 ई. में श्रीरंगपट्टम् की संधि हुई। सन्धि के अनुसार-
- टीपू सुल्तान को अपने राज्य का आधा हिस्सा अंग्रेजों तथा उनके सहयोगियों को देना पड़ा।
- युद्ध के हर्जाने के रूप में तीन करोड़ रुपये अंग्रेजों को देने पड़े।
- तुरन्त धनराशि न देने पर टीपू सुल्तान के दो पुत्र कार्नवालिस के पास बन्धक के रुप में रखे गए।

**181. स्वतंत्रता के पश्चात् भारत के पहले गवर्नर जनरल कौन थे?**

(a) जवाहरलाल नेहरू
(b) राजेन्द्र प्रसाद
(c) क्लीमेंट एटली
(d) लॉर्ड माउंटबेटन

**DSSSB-पैरामेडिकल अधिकार भर्ती (25-05-2014)**

**Ans. (d)** स्वतंत्रता के पश्चात भारत के पहले गवर्नर जनरल लार्ड माउंटबेटन थे जबकि स्वतंत्र भारत के प्रथम तथा अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी हुए। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु तथा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद प्रथम राष्ट्रपति हुए जबकि भारत की स्वतंत्रता के समय इंग्लैण्ड के प्रधानमंत्री क्लीमेन्ट एटली थे।

**182. फतवा-ए-आलमगिरी, मुस्लिम कानूनों का एक संग्रह, निम्नलिखित में से किस राजा के शासनकाल में लिखा गया था?**

(a) नादिर शाह
(b) फिरोज शाह तुगलक
(c) औरंगजेब
(d) टीपू सुल्तान

**NVS PGT 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** 'फतवा-ए-आलमगिरी' शरीयत कानूनों की ऐतिहासिक कृति है, जो मुगल बादशाह औरंगजेब के शासनकाल में विधिवेत्राओं के एक दल द्वारा तैयार की गई थी।

**183. किस ब्रिटिश गवर्नर जनरल ने भारत में रेलवे की शुरूआत की थी?**

(a) हेनरी हार्डिंग
(b) लॉर्ड डलहौजी
(c) लॉर्ड विलियम बैंटिक
(d) चार्ल्स मेटकाफ

**NVS PGT 19/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** लॉर्ड डलहौजी (1848-56 ई.) ने भारत में 1853 ई. में प्रथम रेलवे लाइन की शुरूआत मुम्बई से थाणे के मध्य की थी। दूसरी रेलवे लाइन कलकत्ता से रानीगंज के मध्य चलाई गयी। लॉर्ड डलहौजी को भारतीय रेलवे के पिता के रूप में जाना जाता है। लॉर्ड डलहौजी द्वारा विद्युत तार सेवा, शिक्षा संबंधी सुधार, सैन्य सुधार तथा व्यपगत सिद्धांत आदि कार्य किए गए।

## (iv) विश्व का इतिहास (World History)

**184. स्कॉटिश अर्थशास्त्री और राजनीतिक विचारक, जेम्स मिल ने 1817 में, अपनी तीन खंड वाली एक विस्तृत रचना के रूप में प्रकाशित किया, 'ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया'। इसमें भारतीय इतिहास को तीन अवधियों में बांटा-हिंदू, मुस्लिम और ______ ।**

(a) अंग्रेज (b) जैन
(c) बौद्ध (d) सिक्ख

**NVS PGT 17/09/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** स्कॉटिश अर्थशास्त्री और राजनीतिक विचारक जेम्स मिल ने 1817 ई. में अपना कार्य तीन खण्डों वाली विस्तृत रचना 'ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया' के रूप में प्रकाशित किया। इसमें उन्होंने भारतीय इतिहास को हिन्दू, मुस्लिम और अग्रेंज में बाँटा।

**185. रोमुलस के नाम पर किस प्राचीन शहर का नाम रखा गया है?**

(a) रेनो (b) रमोना
(c) रोजमोंट (d) रोम

**NVS PGT 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** रोमुलस के नाम पर रोम शहर का नाम रखा गया है। रोमुलस रोम का संस्थापक और इसका पहला राजा था। रोम इटली की राजधानी है जो टाइबर नदी के तट पर स्थित है।

**186. यीशु मसीह को सूली पर कब चढ़ाया गया था?**

(a) 1 ईसवी (b) 33 ईसवी
(c) 101 ईसवी (d) 133 ईसवी

**DSSSB- DASS (29-03-2015)**

**Ans. (b)** यीशु मसीह को 33 ईस्वी में सूली पर चढ़ाया गया था। यीशु मसीह को सूली पर रोमन गवर्नर पोंटियस ने चढ़ाया था।

**187. द्वितीय विश्व युद्ध के आरंभ होने के प्रमुख कारणों में से एक था :**

(a) फ्रांसीसी क्रांति (b) औद्योगिक क्रांति
(c) वर्साय की संधि (d) लिस्बन की संधि

**DSSSB- फायर ऑपरेटर परीक्षा (31-08-2014)**

**Ans : (c)** वर्साय की संधि का उल्लंघन द्वितीय विश्व युद्ध के प्रमुख कारणों में से एक था। जर्मनी ने वर्साय की संधि का उल्लंघन 1935 ई. में किया। वर्साय की संधि 28 जून, 1919 ई0 को मित्र राष्ट्रों एवं जर्मनी के मध्य हुई, जिसे जबरदस्ती जर्मनी पर थोपा गया था। इस संधि के अनुसार जर्मनी को अपनी भूमि का एक बड़ा भू–भाग छोड़ना पड़ा, दूसरे राज्यों पर उसके कब्जा करने पर पाबंदी लगा दी गई तथा जर्मनी की सेना का आकार सीमित करने के साथ–साथ भारी क्षतिपूर्ति थोप दी गई थी।

**188. ब्रिटिश चालक ....... ने 1770 में विद्यमान स्थानीय निवासियों के साथ बिना कोई बातचीत किए ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर ब्रिटिश आधिपत्य का दावा किया–**

(a) डेविड कुक (b) थॉमस कुक
(c) जॉर्ज कुक (d) जेम्स कुक

**DSSSB- फायर ऑपरेटर परीक्षा (31-08-2014)**

**Ans : (d)** कप्तान जेम्स कुक एक ब्रिटिश खोजकर्ता, नाविक, मानचित्रकार और रॉयल नेवी के कप्तान थे। इन्होंने प्रशांत महासागर की यात्रा की और न्यूफाउंडलैंड का विस्तृत नक्सा बनाया था तथा इसी दौरान सन् 1770 ई. में ऑस्ट्रेलिया और हवाई द्वीप समूह की पूर्वी तट रेखा के साथ पहला यूरोपीय संपर्क स्थापित करने का दावा किया तथा वहाँ के निवासियों के साथ बिना किसी वार्तालाप के आधिपत्य का दावा किया और सम्राट जार्ज के अधिकार की घोषणा की।

**189. भारत ने पुर्तगालियों से गोवा मुक्त कराया वर्ष–**

(a) 1948 में (b) 1965 में

(c) 1961 में (d) 1960 में

**DSSSB- LDC (30-08-2015)**

**Ans. (c)** गोवा पहले पुर्तगाल का एक उपनिवेश था, पुर्तगालियों ने गोवा पर लगभग 450 वर्षों तक शासन किया तथा 19 दिसंबर, 1961 ई. को भारतीय सेना ने गोवा, दमन और दीव को भारतीय संघ में विलय के लिए 'ऑपरेशन विजय' चलाया। जिसके परिणामस्वरूप गोवा, दमन और दीव भारत का एक केन्द्रशासित क्षेत्र बना। 30 मई, 1987 में इस केन्द्रशासित प्रदेश को विभाजित किया गया और गोवा भारत का 25 वाँ राज्य बनाया गया जबकि दमन और दीव केंद्रशासित प्रदेश ही रहा।

## (v) विविध (Miscellaneous)

**190. यवनराज्य शिलालेख निम्नलिखित में से किस स्थल पर खोजा गया था?**

(a) पाटलिपुत्र

(b) मदुरई

(c) कन्नौज

(d) मघेरा

**DSSSB PRT 27/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** यवनराज्य शिलालेख जिसे मघेरा वेल स्टोन शिलालेख (Meghra Well Stone Inscription) भी कहते हैं, उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के मघेरा गाँव से प्राप्त हुआ है। लाल बलुआ पत्थर से निर्मित यह शिलालेख संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण है तथा संभवतः पहली शताब्दी ईसा पूर्व से संबंधित है। यह शिलालेख प्राचीन भारत में 'यवन युग' को प्रकाश में लाता है।

**191. शासक – वंश का कौन सा युग्म सही है?**

**I. कनिष्क – कुषाण**

**II. सातकर्णी - सातवाहन**

(a) केवल II

(b) केवल I

(c) I तथा II दोनों

(d) ना ही I ना ही II

**DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** कथन I तथा II दोनों युग्म सही है।

**कुषाण वंश** → कुषाण वंश का प्रतापी शासक कनिष्क था। कनिष्क की राजधानी पुरुषपुर या पेशावर थी। कनिष्क, प्रथम भारतीय शासक था जिसने चीन के हान वंश के पर विजय प्राप्त की थी। कनिष्क के काल में प्रसिद्ध दार्शनिक अश्वघोष, प्रसिद्ध विद्वान नागार्जुन तथा प्रसिद्ध चिकित्सक चरक थे।

सातवाहन वंश–सातकर्णी प्रथम इस वंश का प्रथम योग्य शासक था। इसकी उपलब्धियों का ज्ञान नायानिका के नासिक अभिलेख से होता है। पुराणों में सातकर्णी प्रथम को कृष्ण पुत्र कहा गया जिसने दो अश्वमेध तथा एक राजसूय यज्ञ का अनुष्ठान किया।

**192. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**

**I. ऐहोल चालुक्य वंश की राजधानी थी।**

**II. हर्षचरित बाणभट्ट के द्वारा लिखा गया था।**

(a) केवल I

(b) ना ही I ना ही II

(c) केवल II

(d) I तथा II दोनों

**DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** एहोल चालुक्य वंश की राजधानी थी। भारत के कर्नाटक राज्य में ऐहोल को भारतीय वास्तुकला का उद्गम कहा जाता है। यह चालुक्यों की पहली राजधानी थी, जहां उन्होनें छठी शताब्दी ई. के कई मंदिरों का निर्माण किया था। हर्षचरित, बाणभट्ट द्वारा लिखा गया था। इस प्रकार दोनों कथन सही है।

**193. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

**I. वर्धमान महावीर जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर थे।**

**II. बुद्ध ने शिक्षा दी कि कर्म का हमारे जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता ।**

(a) केवल II

(b) I तथा II दोनों

(c) केवल I

(d) ना ही I ना ही II

**DSSSB PRT 16/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** महावीर (वर्धमान) का जन्म 540 ई. पू. में वैशाली के कुण्डग्राम (वज्जि संघ) में हुआ, जो बिहार में है। महावीर स्वामी का प्रतीक चिन्ह सिंह था। महावीर जैन धर्म के 24वें व अंतिम तीर्थंकर थे और 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ के उत्तराधिकारी थे। बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध का जन्म लगभग 563 ई. पू. में हुआ। बौद्ध धर्म की मुख्य शिक्षाएँ चार आर्य सत्य और अष्टांगिक मार्ग की मूल अवधारणा में समाहित हैं। बुद्ध के अनुसार कर्म हर एक इंसान के खुद के विचार होते है, हमारे विचार कर्म के हिसाब होगे और उन्हीं विचारों के द्वारा किया हुआ कर्म हमारे सुख-दुःख के लिए उत्तरदाई होंगे।

अतः दोनों विकल्प गलत है।

**194. किस सम्राट ने भारतीय उपमहाद्वीप में गजपति साम्राज्य की स्थापना की?**

(a) कखरुआ देव (b) प्रतापरुद्र देव

(c) कपिलेंद्र देव (d) पुरुषोत्तम देव

**NVS PGT 19/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** गजपति साम्राज्य की स्थापना सम्राट कपिलेन्द्र देव (1434-1466 ई.) ने की थी। इनके शासनकाल के दौरान साम्राज्य की सीमाओं का अत्यधिक विस्तार किया गया था। इस राजवंश के महत्त्वपूर्ण शासक पुरूषोत्तम देव (1467-1497 ई.) और प्रतापरूद्र देव (1497-1540 ई.) थे। इस वंश के अंतिम शासक कखरूआ देव की 1541 ई. में गोविंद विद्याधर ने हत्या कर दी थी और भोई वंश की स्थापना की थी।

**195. निम्नलिखित का मिलान कीजिए-**

| | |
|---|---|
| A गोविंद | 1. राष्ट्रकूट |
| B आर्यभट्ट | 2. गुप्त वंश |
| C बाणभट्ट | 3. हर्षवर्धन |
| D समुद्र गुप्त | 4. भारतीय नेपोलियन |

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 | (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 | (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**KVS PRT 13/02/2011**

**Ans. (b) :** सही मिलान इस प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| गोविंद | – | राष्ट्रकूट |
| आर्यभट्ट | – | गुप्त वंश |
| बाणभट्ट | – | हर्षवर्धन |
| समुद्रगुप्त | – | भारतीय नेपोलियन |

**196. निम्नलिखित युगों को कालानुक्रम में व्यवस्थित करें?**

**(1) हर्ष सम्वत्**

**(2) कलचुरी सम्वत्**

**(3) वल्लभी सम्वत्**

**(4) विक्रम सम्वत्**

**कूट :**

(a) (4) (2) (3) (1)
(b) (1) (2) (3) (4)
(c) (2) (4) (1) (3)
(d) (4) (3) (2) (1)

**KVS TGT Work Experience 2018**

**Ans. (a) :**

| **सम्वत्** | - | **काल** |
|---|---|---|
| विक्रम सम्वत् | - | 57 ई. |
| कलचुरि सम्वत् | - | 247 ई. |
| वल्लभी सम्वत् | - | 319 ई. |
| हर्ष सम्वत् | - | 606 ई. |

**197. नीचे कुछ प्रसिद्ध मंदिरों और जिस वंश/साम्राज्य के काल में उनका निर्माण हुआ, उनकी सूची दी गई है। कौन–सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

(a) हंपी – चोल
(b) कोणार्क का सूर्य मंदिर – पूर्वी गंग
(c) खजुराहो – चंदेल
(d) महाबलीपुरम् – पांड्य

**DSSSB- Forest Gaurd Exam. (28-09-2014)**

**Ans : (d)** महाबलीपुरम एक ऐतिहासिक नगर है जो 'मामल्लपुरम' भी कहलाता है। यह तमिलनाडु के पूर्वोत्तर (दक्षिण भारत) में स्थित है। महाबलीपुरम धार्मिक केन्द्र (मंदिरों) को सातवीं सदी में हिन्दू पल्लव राजाओं ने स्थापित किया था।

अत: अन्य विकल्प सुमेलित है।

**198. अधिकांश भारतीय लिपियाँ निम्नलिखित में से किस लिपि से विकसित हुई हैं?**

(a) संस्कृत (b) ब्राह्मी
(c) यूनानी (d) द्रविड

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (13-10-2018)**

**Ans. (b) :** ब्राह्मी भारत की प्राचीन लिपि है। इसका प्रयोग सम्राट अशोक के शिलालेखों में हुआ है। ब्राह्मी लिपि से कई एशियाई लिपियों का विकास हुआ है। देवनागरी सहित अन्य दक्षिण एशियाई, दक्षिण-पूर्व एशियाई, तिब्बती तथा कोरियाई लिपि का विकास भी इसी लिपि से हुआ है।

**199. नीचे दिए गए साम्राज्यों को उनके कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए।**

**1. विजयनगर साम्राज्य** **2. मौर्य साम्राज्य**

**3. गुप्त साम्राज्य** **4. खिलजी वंश**

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 1, 3, 4
(c) 2, 3, 4, 1 (d) 3, 2, 1, 4

**DSSSB- Forest Gaurd Exam. (28-09-2014)**

**Ans : (c)** प्रश्नगत दिए गए विकल्पों में साम्राज्यों को उनके कालक्रमानुसार व्यवस्थित किया गया है–

मौर्य साम्राज्य (322–185 ई०पू०)
गुप्त साम्राज्य (240 – 550 ई०)
खिलजी वंश (1290–1320 ई०)
विजयनगर साम्राज्य (1336–1650 ई०)

**200. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?**

**I. हम्पी विजयनगर साम्राज्य की राजधानी थी।**

**II. 1687 में मुगल बादशाह औरंगजेब ने गोलकुंडा को मुगल साम्राज्य में मिला लिया।**

(a) केवल I (b) केवल II
(c) I तथा II दोनों (d) ना ही I ना ही II

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** हम्पी भारतीय राज्य कर्नाटक का एक प्राचीन गाँव है। हम्पी का नाम स्थानीय देवी 'पम्पा देवी' से लिया गया है। हम्पी 1336 ई. से लेकर 1565 ई. तक विजयनगर साम्राज्य की राजधानी थी। विजयनगर से तात्पर्य 'जीत के नगर' से है। औरंगजेब ने 1687 ई. में कुतुबशाही वंश के शासक अबुल हसन कुतुबशाह को पराजित कर गोलकुण्डा को मुगल साम्राज्य में मिला लिया था। अतः कथन I और II दोनों सत्य हैं।

**201. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

**I. नादिरशाह ने 1739 में दिल्ली पर आक्रमण किया।**

**II. अहमद शाह अब्दाली एक अफगान शासक था।**

(a) I तथा II दोनों (b) ना ही I ना ही II
(c) केवल I (d) केवल II

**DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** नादिरशाह ने 1739 ई. में दिल्ली पर आक्रमण किया।
• अहमद शाह अब्दाली एक अफगान शासक था। अतः दिये गये प्रश्न में विकल्प (a) I तथा II दोनों सही है।

**202. 973 में निम्न में से किस भौगोलिक क्षेत्र में अलबरूनी का जन्म हुआ?**

(a) ताजिकिस्तान (b) उज्बेकिस्तान
(c) तुर्कमेनिस्तान (d) अफगानिस्तान

**KVS-TGT (2018)**